



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 26 | अंक : 72 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 03 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


## प्रधानमंत्री ने 'वन्यजीव दिवस' पर वन्यजीव प्रेमियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज (3 मार्च) को हर साल दुनिया भर में 'विश्व वन्यजीव दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन्यजीव संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने में सबसे आगे रहने वालों की सराहना की। बता दें कि हर साल इस दिन, लोगों के जीवन और ग्रह पर वन्यजीवों की अनूठी भूमिकाओं और योगदान को मान्यता दी जाती है।



सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा 'विश्व वन्यजीव दिवस पर सभी वन्यजीव प्रेमियों को शुभकामनाएं। यह हमारे ग्रह पर जीवन की अविश्वसनीय विविधता का जश्न मनाने और इसकी रक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है। मैं उन सभी की भी सराहना करता हूं जो टिकाऊ प्रथाओं में सबसे आगे हैं और वन्यजीव संरक्षण प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं।'

बता दें कि 2014 को पहला वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे मनाया गया था। इस दिन को मनाने का उद्देश्य दुनिया भर के जीव-जन्तुओं का संरक्षण है। इस साल का थीम लोगों और ग्रह को जोड़ना वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज है।

## डा. महेश शर्मा को टिकट मिलते ही बंद हो गई कई दुकान, गिर गए दुकानों के शटर

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी ने अपने वर्तमान सांसद डा. महेश शर्मा को ही टिकट दिया है। डा. महेश शर्मा को टिकट मिलते ही नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में चल रही अनेक 'दुकान' बंद हो गई हैं। दिल्ली में भाजपा ने जैसे ही डा. महेश शर्मा के नाम की घोषणा की वैसे ही नोएडा (गौतमबुद्धनगर) क्षेत्र में चल रही दुकानों के शटर धड़ाधड़ गिरने बंद हो गए। कुछ ही घंटों में नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में चलाई जा रही ज्यादातर 'राजनीतिक दुकान' बंद हो गईं। जो दुकान बंद होने से बची रह गई हैं वे अगले कुछ दिनों में बंद हो जाएंगी।



इस लेख को पढ़ते हुए आप सोच रहे होंगे कि नोएडा से भाजपा का टिकट डा. महेश शर्मा को मिलने से 'दुकान' का क्या संबंध है। हम आपको बताते हैं कि यहां हम किसी किराने की दुकान अथवा कोई सामान बेचने वाली दुकान की बात नहीं कर रहे हैं बल्कि पिछले लम्बे अर्से से राजनीति के नाम पर नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में चलाई जा रही 'राजनीतिक दुकानदारी' की बात कर रहे हैं। दरअसल पिछले एक साल से नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में कुछ लोग यह अभियान चला रहे थे कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट से भाजपा सांसद डा. महेश शर्मा का टिकट कट जाए। अब सवाल यह था कि नोएडा से यदि भाजपा डा. महेश शर्मा का टिकट काट देगी तो फिर नोएडा सीट से भाजपा का टिकट किसे मिलेगा? डा. महेश शर्मा का टिकट कटवाकर अपना राजनीतिक तथा आर्थिक हित देख रहे कुछ लोगों ने बड़ी ही चालाकी से एक ब्यूरोक्रेट (सरकारी अधिकारी) को पटाया। इन लोगों ने उस ब्यूरोक्रेट को सांसद बनने तथा बनवाने के बड़े-बड़े सपने दिखाए। सब जानते हैं कि राजनीति में स्थापित होने के सपने बड़े हसीन होते हैं। इन सपनों को लेकर वह ब्यूरोक्रेट (अधिकारी) निकल पड़े नोएडा से भाजपा का टिकट मांगने। फिर इस टिकटार्थी अधिकारी को समझाया गया कि खाली टिकट मांगने से काम नहीं चलेगा पूरे क्षेत्र में घूम-घूमकर कार्यक्रम भी करने पड़ेंगे। फिर क्या था। टिकटार्थी अधिकारी ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी, जेवर, सिकन्द्राबाद तथा खुर्जा में घूमना शुरू कर दिया। टिकटार्थी को टिकट दिलाने का 'जुगाड़' लगाने तथा उनके बड़े-बड़े कार्यक्रम करवाने के नाम पर अनेक 'दुकान' खुल गईं। सभी दुकानदार टिकट पक्का करवाने का दावा करने लगे। इसी प्रकार एक उद्योगपति को टिकट दिलवाने के नाम पर भी नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा में दर्जनों 'दुकान' खोली गईं।

शनिवार की शाम लगभग पौने सात बजे दिल्ली के भाजपा कार्यालय से यह घोषणा की गई कि नोएडा सीट से एक बार फिर डा. महेश शर्मा ही भाजपा के प्रत्याशी होंगे। इस घोषणा के साथ ही टिकटार्थी के नाम पर खोली गई ज्यादातर दुकान तुरंत बंद हो गईं। दुकान चला रहे कई दुकानदार तो नोएडा में डा. महेश शर्मा के अस्पताल में जाकर उन्हें बधाई देने हुए भी नजर आए। अभी चंद 'दुकान' बंद होने से रह गई हैं। जो 'दुकान' बंद नहीं हुई हैं उनके मालिक अपनी 'दुकानों' में नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट पर डा. महेश शर्मा को चुनाव हरवाने के सामान को सजाने में लग गए हैं।

## 50 बार से अधिक चालान, एक बार भी नहीं किया भुगतान

**नोएडा (चेतना मंच)।** शहर की सड़क पर फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों के मन से चालान का डर समाप्त हो गया है। बार-बार चालान कटने के बाद भी वह यातायात के नियम तोड़ने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। आलम है कि एक-एक वाहनों पर 50 से अधिक चालान कटे हुए हैं, लेकिन एक बार भी भुगतान नहीं किया गया है। इस सिलसिले में नोएडा यातायात पुलिस से मिले आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं। यातायात पुलिस ने पहले चरण में करीब 250 वाहनों को चिह्नित कर इनके डाटा इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) के सर्वर पर फीड करने जा रहा है। इसके बाद इन वाहनों को सीज करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

दरअसल, शहर की सड़कों पर दौड़ रहे करीब एक लाख से अधिक गाड़ियों के मल्टीपल चालान हुए हैं। अधिकांश वाहनों के चालान का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे लंबित चालानों का आंकड़ा करीब 24 लाख तक पहुंच गया है। लंबित चालानों के अनुपात को कम करने के लिए यातायात विभाग ने 50 बार से अधिक चालान कटने वाले 250 वाहनों को चिह्नित कर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## इंजीनियर महिला को सात घंटे डिजिटल अरेस्ट कर वसूले 3.75 लाख रुपये

**नोएडा (चेतना मंच)।** कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र में साइबर जालसाजों ने महिला आईटी इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर उन्हें धमकाया और 3.75 लाख रुपये की वसूली की। स्काइप कॉल कर जालसाजों ने पुलिस ड्रेस में बात की और मुंबई से ताइवान जा रहे पार्सल में ड्रग्स होने की बात कहकर झांसे में ले लिया। इस दौरान महिला को काफी डराया धमकाया गया। जेल जाने के डर से महिला ने जालसाजों के खाते में रकम ट्रांसफर कर दी। इस मामले में कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है।



सेक्टर-45 स्थित आम्रपाली सफायर सोसाइटी निवासी चिराग ने पुलिस से शिकायत की है कि उनकी पत्नी सुकीर्ति वर्मा आईटी इंजीनियर हैं। कुछ दिन पहले सुकीर्ति के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को फेडेक्स कोरियर सर्विस से बताया और कहा कि आपके नाम पर एक कोरियर मुंबई से ताइवान जा रहा था। जिसे कस्टम अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट पर रोक लिया है। इस कोरियर से ड्रग्स और चार पासपोर्ट के अलावा आपत्तिजनक सामान मिला है। इसके बाद फेडेक्स कोरियर सर्विस के कर्मचारी ने उनकी कॉल को (शेष पृष्ठ-4 पर)

## भाजपा ने उतार दिया अपना खिलाड़ी, विपक्ष में बस दावेदारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा चुनाव-2024 का चुनाव संग्राम शुरू हो गया है। केवल चुनाव की औपचारिक तारीखों की घोषणा होना बाकी है। ऐसे में 192 लोकसभा सीटों के साथ ही साथ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा सीट पर अपना खिलाड़ी (प्रत्याशी) उतार दिया है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन तथा बहुजन समाज पार्टी में केवल दावेदारों को लेकर चर्चा ही चल रही है। बताया जा रहा है कि नोएडा (गौतमबुद्धनगर) सीट से समाजवादी पार्टी के एक दर्जन नेता टिकट मांग रहे हैं। वहीं नोएडा सीट के लिए बसपा से कोई दावेदार तक चर्चा में नहीं है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नोएडा की इस महत्वपूर्ण सीट पर विपक्ष किस स्थिति में हैं।




### एक नेता का बड़ा दावा

समाजवादी पार्टी के एक बड़े नेता ने दावा किया है कि हमारी पार्टी नोएडा की सीट पर कोई बाहरी प्रत्याशी भी उतार सकती है। चेतना मंच के साथ एक अनौपचारिक वार्ता में सपा नेता ने कहा कि हमारी पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर गंभीरता से चुनाव पड़ेगी। इसी कारण नोएडा की सीट को भी गंभीरता से लिया जा रहा है। सपा नेता का दावा है कि नोएडा की सीट पर ऐसा प्रत्याशी उतारा जाएगा जो भाजपा के सारे दावे विफल कर देगा।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन ने पहले ही आकार ले लिया है। यहां कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी का समझौता हो चुका है। इस समझौते में नोएडा (गौतमबुद्धनगर) की सीट समाजवादी पार्टी के हिस्से में आई है। समाजवादी पार्टी के लगभग एक दर्जन नेता नोएडा सीट से टिकट मांग रहे हैं। नोएडा से टिकट मांगने वाले समाजवादी पार्टी के दावेदारों में कांग्रेस के आकर सपा में भर्ती हुए डा. महेन्द्र नागर, पंडित पितांबर शर्मा, बसपा से सपा में आए जगदीश शर्मा, सपा में नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के प्रमुख चेहरा रहे फकीरचंद नागर, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे रामशरण नागर एडवोकेट तथा सपा के युवा राहुल अवाना के साथ-साथ नोएडा से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके सुनील चौधरी के नाम बताए जा रहे हैं। उधर बसपा की (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ट्रक और कार में जोरदार टक्कर, तीन की मौत, चार घायल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली के बदरपुर इलाके में देर रात हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीन अभी हॉस्पिटल में भर्ती हैं, जबकि एक शख्स की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सभी घायल और मृतक फरीदाबाद में रिसेप्शन पार्टी अटेंड करके देर रात दिल्ली लौट रहे थे। उसी समय यह हादसा हुआ है। इस मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी साउथ ईस्ट राजेश देव ने बताया कि देर रात 12.48 पर पीसीआर कंट्रोल रूम को एक्सीडेंट की सूचना दी गई थी। बताया गया की कार और ट्रक में टक्कर हुई है। बदरपुर फ्लाई ओवर पर होंडा शोरूम के पास। पुलिस टीम पहुंची तो पूछताछ में पता चला कि यूपी नंबर की ऑल्टो कार फरीदाबाद की तरफ से दिल्ली आ रही थी। उसमें सवार लोग शादी के बाद रिसेप्शन पार्टी अटेंड करने के बाद लौट रहे थे। कार में 7 लोग थे, बदरपुर फ्लाई ओवर पर ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी तरफ चली गई और उधर ट्रक से टकरा गई। कार सवार सात लोग इसमें गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी को एम्स ट्रामा सेंटर में ले जाया गया, जिसमें तीन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।




## शीर्ष नेतृत्व ने चौथी बार डॉ. महेश शर्मा पर जताया भरोसा

### क्षेत्र में खुशी का माहौल बधाई देने वालों का लगा तांता

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से चौथी बार डॉ महेश शर्मा पर विश्वास जताया है उनको इस लोकसभा से प्रत्याशी घोषित करने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा कल रात से ही बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा सांसद प्रतिनिधि संजय बाली ने बताया कि भाजपा हाई कमान ने वर्ष 2009, 2014 तथा 2019 में डॉ महेश शर्मा को टिकट दिया था।

डॉ महेश शर्मा द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्यों तथा उनकी लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा हाई कमान ने चौथी बार डॉ. महेश शर्मा पर विश्वास जताया है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत सभी शीर्ष नेताओं का बहुत-बहुत आभार है। श्री बाली ने कहा कि इस बार क्षेत्र की जनता अपना पूरा प्यार तथा आशीर्वाद डॉ महेश शर्मा को देगी। जिसके कारण इस बार डॉ. महेश शर्मा ऐतिहासिक जीत दर्ज करके पिछले अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ देंगे। ऐसा क्षेत्र की जनता तथा भाजपा की कार्यकर्ताओं का दावा है। (शेष पृष्ठ-4 पर)



# गरीबी का आंकलन

चालू वित्तवर्ष की तीसरी यानी दिसंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.4 फीसद दर्ज हुई है। यह निस्संदेह उत्साहजनक आंकड़ा है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से कहीं अधिक है। इस तरह चालू वित्तवर्ष का सकल घरेलू उत्पाद सारे अनुमानों से अधिक रहने वाला है। रिजर्व बैंक ने अपना पुराना अनुमान बदल कर इसे 7.6 फीसद कर दिया है। हालांकि रिजर्व बैंक ने माना था कि तीसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर आठ फीसद के आसपास रहेगी, मगर चौथी तिमाही में इसके छह फीसद के नीचे रहने का अनुमान है। तिमाही में विकास दर ऊंची रहने के पीछे विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन, कर संग्रह में बढ़ोतरी और सबसिडी खर्च में कमी को मुख्य कारण माना जा रहा है। पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के सरकार के इरादे को निश्चित रूप से इससे बल मिलेगा। मगर इस आर्थिक विकास दर की परत-दर-परत पड़ताल करें, तो कई असंगत स्थितियां भी नजर आती हैं। आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने के बावजूद आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों- कोयला, इस्पात, बिजली, कच्चा तेल, रिफाइनरी, प्रकृतिक गैस, उर्वरक और सीमेंट- में विकास दर सुस्त दर्ज हुई है। इसके समांतर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करीब तेरह फीसद घटा है। माना जाता है कि तेज अर्थव्यवस्था वाले देशों की तरफ विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अपने आप आकर्षित होता है। इस वक्त जब दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, तब भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना हुआ है। दवा उत्पादन, सेवा, दूर संचार जैसे कुछ क्षेत्रों में विकास की संभावनाएं अधिक आंकी जाती रही हैं। मगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद इन क्षेत्रों में भी अगर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित नहीं हो पा रहा है, तो इसे अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। जिस समय औद्योगिक गतिविधियां ठप्प थीं, उस समय भी भारतीय कृषि क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था को लड़खड़ाने नहीं दिया था। मगर आर्थिक विकास दर में इसका योगदान लगातार घटता नजर आ रहा है। जाहिर है, इस क्षेत्र को उचित प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा। इससे आने वाले समय में महंगाई की दर ऊंची रहने की आशंका बनी रहेगी। महंगाई पर काबू पाना पहले ही सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। रिजर्व बैंक रेपो दरों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करना चाहता। पिछले आंकड़ों में सबसे अधिक महंगाई सब्जियों, दूध, फल और अंडे वगैरह की कीमतों में दर्ज की गई थी। ऊंची विकास दर के समांतर यह सवाल भी लगातार बना हुआ है कि इसी अनुपात में लोगों की क्रयशक्ति क्यों नहीं बढ पा रही। क्रयशक्ति न बढ़ने से घरेलू बाजार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कुछ दिनों पहले जारी हुए उपभोग खर्च संबंधी आंकड़ों से जाहिर है कि लोगों का घरेलू खर्च बढ़ कर दो गुना हो गया है, जबकि उनकी आमदनी में उत्साहजनक बढ़ोतरी नहीं हो पाई है। गरीबी के पैमाने को लेकर भी अंगुलियां उठती रही हैं, जिसके आधार पर करीब तेईस करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने का दावा किया जा रहा है। अब तो योजना आयोग का कहना है कि केवल पांच फीसद लोग ही गरीब हैं। जबकि इसका दूसरा पहलू यह है कि सरकार खुद करीब अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज वितरित करने का श्रेय लेती है। ऐसे असंगत आंकड़ों के साथ आर्थिक विकास दर के ऊंची रहने से देश की वास्तविक तरक्की का चेहरा स्पष्ट नहीं हो सकता।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि रेशम कीड़े से होता है, उससे सुंदर रेशमी वस्त्र बनते हैं। इसी से उस परम अपवित्र कीड़े को भी सब कोई प्राणों के समान पालते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**स्वारथ साँच जीव कहुँ एहा। मन क्रम बचन राम पद नेहा॥**
**सोइ पावन सोइ सुभग सरीरा। जो तनु पाइ भजिअ रघुबीरा॥**

जीव के लिए सच्चा स्वार्थ यही है कि मन, वचन और कर्म से श्री रामजी के चरणों में प्रेम हो। वही शरीर पवित्र और सुंदर है जिस शरीर को पाकर श्री रघुवीर का भजन किया जाए॥

**राम बिमुख लहि बिधि सम देही। कबि कोबिद न प्रसंसहिं तेही॥**
**राम भगति एहिं तन उर जामी। ताते मोहि परम प्रिय स्वामी॥**

जो श्री रामजी के विमुख है वह यदि ब्रह्माजी के समान शरीर पा जाए तो भी कवि और पंडित उसकी प्रशंसा नहीं करते। इसी शरीर से मेरे हृदय में रामभक्ति उत्पन्न हुई। इसी से हे स्वामी यह मुझे परम प्रिय है॥

**तजउँ न तन निज इच्छा मरना। तन बिनु बेद भजन नहिं बरना॥**
**प्रथम मोहँ मोहि बहुत बिगोवा। राम बिमुख सुख कबहुँ न सोवा॥**

मेरा मरण अपनी इच्छा पर है, परंतु फिर भी मैं यह शरीर नहीं छोड़ता, क्योंकि वेदों ने वर्णन किया है कि शरीर के बिना भजन नहीं होता। पहले मोह ने मेरी बड़ी दुर्दशा की। श्री रामजी के विमुख होकर मैं कभी सुख से नहीं सोया॥

**नाना जनम कर्म पुनि नाना। किए जोग जप तप मख दाना॥**
**कवन जोनि जनमेउँ जहँ नाहीं। मैं खगेस भ्रमि भ्रमि जग माहीं॥**

अनेकों जन्मों में मैंने अनेकों प्रकार के योग, जप, तप, यज्ञ और दान आदि कर्म किए। हे गरुड़जी! जगत में ऐसी कौन योनि है, जिसमें मैंने (बार-बार) घूम-फिरकर जन्म न लिया हो॥

**देखेउँ करि सब करम गोसाईं। सुखी न भयउँ अबहिं की नाईं॥**
**सुधि मोहि नाथ जन्म बहु केरी। सिव प्रसाद मति मोहँ न घेरी॥**

हे गुसाईं! मैंने सब कर्म करके देख लिए, पर अब (इस जन्म) की तरह मैं कभी सुखी नहीं हुआ। हे नाथ! मुझे बहुत से जन्मों की याद है, (क्योंकि) श्री शिवजी की कृपा से मेरी बुद्धि को मोह ने नहीं घेरा॥

**क्रमश:**

# बसपा सुप्रीमो ने सबको चौंकाया

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है,कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी हैं.मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं.कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है.संभवत वह नहीं चाहती होंगी की देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये.जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं.कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी.पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी.बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा.मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी।

चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा,लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है,वह काफी सोच समझकर लिया होगा. मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं.उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था.दलित चिंतक स्वर्गीय काशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है.मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं.दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छो?ा.जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं.बसपा की सियासी प्रयोगशाला से माया ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय,सर्वजन हिताय की की राजनीति को अमली जामा पहनाया.माया ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राहमण, पिछड़ो और मुस्लिम चेहरों को भी



राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया,लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमों ने भले ही नये नेताओं की 'फौज' तैयार की थी,लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये.इसमें से ज्यादातर को बहनजी ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की.वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था. ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आर के चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए. राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आर के चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आर के चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी अपना दल आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखते हैं.

बसपा को जमीन से उठाकर आसमान तक ले जाने वाली मायावती की राजनीति पिछले दस वर्षो से काफी उतार पर नजर आ रही है. 2007 के विधान सभा चुनाव वह अंतिम बार बड़े अंतर से सपा से जीती थीं. आज की तारीख में बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं. इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था. इनमें लालजी वर्मा न सिर्फ विधानमंडल दल के नेता थे बल्कि वर्मा वह नेता हैं, जिनके प्रदेश अध्यक्ष रहते 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार यूपी में बनी थी. राम अचल राजभर भी मायावती के खासम खास माने जाते रहे हैं. 13 सालों में बसपा 206 विधायकों से महज एक विधायकों पर आ टिकी है. बसपा के जिन नेताओं को प्रदेश स्तर पर पहचान हासिल हुई थी वह एक-एक करके बसपा से अलग हो गए हैं. 2007 में जब प्रदेश में बसपा की बहुमत की सरकार बनी थी तब मायावती ने जितने विधायकों को कैबिनेट मंत्री बनाया था, उनमें से आज एक्का-दुक्का ही बसपा के साथ खड़े हैं. 2007 में 206 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती ने नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामवीर उपाध्याय, ठाकुर जयवीर सिंह, सुधीर गोयल, स्वामी प्रसाद मौर्य, वेदराम भाटी, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राकेश धर त्रिपाठी, बाबू सिंह कुशवाहा, फागू चौहान, दद्दू प्रसाद, राम प्रसाद चौधरी, धर्म सिंह सैनी, राम अचल राजभर, सुखदेव राजभर और इंद्रजीत सरोज को बड़े पोर्टफोलियो दिए थे,लेकिन आज इसमें से कोई भी बसपा में नहीं हैं.सबने अपनी अलग राह पकड़ ली है।

2012 में समाजवादी पार्टी चुनाव जीती और मुलायम ने अपने बेटे अखिलेश को सीएम की कुर्सी पर बैठा दिया.उसके पश्चात 2017 में बीजेपी की सरकार बनी और योगी आदित्यनाथ सीएम की कुर्सी पर विराजमान हुए.2022 में भी उनको जीत हासिल हुई और एक बार फिर वह सीएम बने.लेकिन मायावती का कहीं से कोई भला नहीं हुआ. 2007 में चुनाव जीतकर सरकार बनाने के बाद से उनकी सत्ता में वापसी भी नहीं हुई है.जबकि अपनी ताकत बढ़ाने के लिये मायावती ने 2019 में अपनी धुर विरोधी समाजवादी पार्टी तक से हाथ मिला लिया। परिणाम स्वरूप उनके दस सांसद चुनाव जीते थे,लेकिन अब यह सांसद भी बसपा से दूरी बनाने लगे हैं. लोकसभा चुनाव से पहले बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली है। उन्होने कहा, 'पार्टी बदलना मेरे लिए समय की जरूरत थी. मैं समाजवादी पार्टी का हिस्सा बन गया हूं और अब यह मेरा कर्तव्य है कि पार्टी को मजबूत करें और अखिलेश यादव का समर्थन करूं. मुझे यकीन है कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करेगा. हम सैक्यूलर लोगों के साथ रहना चाहते हैं।' गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से साल 2012 और 2017 में बीसएसपी के विधायक रह चुके हैं. ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है. उन्होंने 2014 और 2022 का लोकसभा उपचुनाव क्रमश: सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और धर्मेंद्र यादव के खिलाफ बसपा के टिकट पर लड़ा था। के अलावा कई अन्य सांसद रितेश पांडेय ने गत दिनों पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल होने की घोषणा की तो इसको लेकर चर्चा भी छिड़ गई। बड़ी बात यह है कि वह अकेले नहीं हैं। पार्टी के कई सांसदों के बारे में ऐसी खबरें आ रही हैं कि उनकी निष्ठा बदल चुकी है. हालांकि जब तक औपचारिक घोषणा न हो जाए तब तक ऐसी अटकलों को ज्यादा अहमियत नहीं दी जाती। मगर बीएसपी चीफ मायावती ने खुद यह कहकर इन खबरों को कुछ हद तक प्रामाणिकता दे दी है कि अपना हित साधने में लगे ऐसे सांसदों को पार्टी टिकट दे भी तो क्यों.

2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में रहकर बीएसपी ने यूपी की 10 सीटें जीती थी. उनमें से 6 सांसद या तो बसपा छोड़ चुके हैं या स्पष्ट संकेत दे चुके हैं कि वह नया विकल्प तलाशेंगे. बीएसपी के दो और सांसदों के जल्द पाला बदलने की अटकलें हैं. इनमें से एक पश्चिमी यूपी के सांसद हैं, जो अब अपना भविष्य जयंत चौधरी के राष्ट्रीय लोक दल में देख रहे हैं। आरएलडी हाल ही में भाजपा के साथ आ चुका है. यूपी की लालगंज सीट से बसपा सांसद संगीता आजाद के भी भाजपा में शामिल होने की चर्चा है. उन्हें उनके पति के साथ बजट सत्र के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दफ्तर के बाहर देखे जाने से इन कयासों को और हवा मिली है. अफजाल अंसारी को सपा ने घोषित किया है. समाजवादी पार्टी ने गाजीपुर के बीएसपी सांसद अफजाल अंसारी को उसी सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है. पिछली बार अंसारी ने जम्मू और कश्मीर के मौजूदा लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा को हराया था.उधर, बसपा से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की कांग्रेस से दोस्ती बड़ गई है। अमरोहा से सांसद दानिश को मायावती ने उन्हें टीएमसी के पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के रिश्वत के बदले प्रश्न पूछने के मामले में उनका समर्थन करने के लिए निलंबित कर दिया था. दानिश का लगभग साफ है कि उनके लिए कांग्रेस पार्टी का दरवाजा खुला है. वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी शामिल हो चुके हैं.लेकिन अमरोहा कांग्रेस में दानिश को टिकट देने को लेकर कलाह भी शुरू हो गई है. जौनपुर के बसपा सांसद श्याम सिंह यादव ने भी कांग्रेस की यात्रा में शिरकत करके अपना इरादा साफ कर दिया है। वह मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस से जुड़े कार्यक्रमों में भी भाग ले चुके हैं।

**- अजय कुमार**

# आर्थिक वृद्धि दर ने साबित किया मोदी का नेतृत्व

हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी। साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है।

हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अत: देश में अब रोजगार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है। परंतु, प्रकृति के आगे तो किसी की चलती नहीं है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़ों को देखकर तो अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि



भारत आगे आने वाले वर्षों में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर हासिल करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं अगले लगभग 4 साल के अंदर ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, वर्तमान में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय शेयर बाजार भी बाजार पूंजीकरण के मामले में वर्तमान में विश्व में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। क्योंकि, भारत में आर्थिक विकास की तीव्र गति को देखते हुए विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेश संस्थान, दोनों ही भारतीय पूंजी बाजार में अपने निवेश को निश्चित ही बढ़ाएंगे।

भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में अनुमानों से कहीं अधिक वृद्धि दर हासिल करने के पीछे दरअसल हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र के साथ साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं, इस ओर सामान्यत: विदेशी अर्थशास्त्रियों एवं वित्तीय संस्थानों का ध्यान शायद नहीं जा रहा है। हाल ही के समय में भारत में अब विभिन्न त्यौहार अत्यधिक उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन त्यौहारों के मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय परिवारों, विशेष रूप से मध्यम वर्गीय एवं उच्च वर्गीय परिवारों के खर्च में अपार वृद्धि हो रही है। इस खर्च का पूरा पैसा भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहा है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर में तेजी दिखाई देने लगी है। वर्ष 2023 में दीपावली त्यौहार के दौरान लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय परिवारों द्वारा खर्च की गई थी। शादियों के दौरान भारतीय परिवारों द्वारा अतिरिक्त खर्च किया जाना भी केवल भारत की ही विशेषता है, अन्य देशों में शादियों के दौरान इस प्रकार के खर्च नहीं होते हैं। दूसरे, भारत में हाल ही के समय में धार्मिक पर्यटन में अपार वृद्धि देखने में आई है, क्योंकि इन क्षेत्रों की आधारभूत संरचना में आमूल चूल सुधार हुआ है। पर्यटन के बढ़ने से न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी अपार बल मिल रहा है। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, वृंदावन आदि धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की अपार वृद्धि दिखाई दे रही है। अयोध्या में तो प्रभु श्रीराम के मंदिर के शिलान्यास के बाद से लगातार औसतन प्रतिदिन 2 लाख से अधिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है।

हालांकि केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सुधारों के चलते एवं पूंजीगत खर्च में लगातार की जा रही बढ़ोतरी से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार द्वारा 10 लाख करोड़ रुपए की राशि इस मद पर खर्च की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस मद पर 7.5 लाख करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में पूंजीगत खर्च की राशि को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। दूसरे, भारत में कर (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) के संग्रहण में भी अपार सुधार दिखाई दे रहा है। कर ढांचे को आसान बनाकर सम्बंधित नियमों के अनुपालन में सुधार कर, कर संग्रहण में 20 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि हासिल की गई है। देश में अनौपचारिक क्षेत्र भी तेजी से औपचारिक क्षेत्र में बदल रहा है, इससे कर संग्रहण के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी औपचारिक क्षेत्र में अधिक निर्मित हो रहे हैं तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलते दिखाई दे रहे हैं।


विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल के बाद से (वित्तीय वर्ष 2022 से वित्तीय वर्ष 2024 के बीच) भारत में औसत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में 38,257 रुपए की वृद्धि दर्ज हुई है एवं अब यह प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपए को पार कर गई है। इस दौरान प्रति व्यक्ति बचत एवं पूंजी निर्माण में भी वृद्धि दृष्टिगोचर है। भारत में सकल बचत की दर वित्तीय वर्ष 2023 में 30.2 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 में 32.3 प्रतिशत से अधिक रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है, जो वित्तीय वर्ष 2014 के बाद से सबसे अधिक दर रहने वाली है। अब देश में पूंजी का उपयोग अधिक दक्षता के साथ किया जा रहा है। जिससे क्रमिक पूंजी-उत्पाद अनुपात में पर्याप्त सुधार हुआ है। यह अनुपात दर्शाता है कि अतिरिक्त उत्पाद के निर्माण में कितनी अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होने वाली है। वित्तीय वर्ष 2012 में क्रमिक पूंजी-उत्पाद अनुपात 7.5 प्रतिशत था जो वित्तीय वर्ष 2023 में घटकर 4.4 प्रतिशत हो गया है। अत: देश में वर्तमान बचत दर को देखते हुए भारत आसानी से 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की विकास दर हासिल कर सकता है।

कुल मिलाकर, अब भारतीयों को आर्थिक क्षेत्र में लगातार अच्छे समाचार मिलने लगे हैं क्योंकि भारत रोजाना किसी न किसी क्षेत्र में नित नए रिकॉर्ड बनाता दिखाई दे रहा है। इस प्रकार, अब भारतीयों को नित नए रिकॉर्ड सुनने की आदत बना लेनी चाहिए।


**-प्रह्लाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक**
**भारतीय स्टेट बैंक**

# राशिफल


**फाल्गुन कृष्ण पक्ष : सप्तमी** | **( विक्रम संवत् 2080 )**




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। थोड़ा मन विचलित रहेगा।



**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। प्रेम-संतान की स्थिति बेहतर है। व्यापार भी बेहतर है।




**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
निर्णय लेने की क्षमता अच्छी हो जाएगी। बच्चों का साथ होगा। प्रेम का साथ होगा।




**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
भूमि-भवन व वाहन की खरीदारी संभव है लेकिन खलल भी पड़ सकता है। संघर्ष के साथ आप यह कर पाएंगे।




**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
व्यापारिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि आप उन्नति करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा सा बेहतर होगा।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। अगर आपने निवेश किया तो धन हानि के संकेत हैं। स्वास्थ्य बेहतर होगा




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
मानसिक परेशानी बनी रहेगी। स्वास्थ्य नरमङ्गरम, प्रेम संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार करीब-करीब ठीक रहेगा।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान मध्यम, व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
परेशानियों के साथ आय में वृद्धि। मानसिक कष्ट संभव है। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यावसाय में थोड़ी अड़चनें आएंगी। स्वास्थ्य नरम गरम क्योंकि सीने में विकार संभव है।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
मान-हानि की स्थिति बनी रहेगी। यात्रा में कष्ट संभव है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम संतान की स्थिति मध्यम।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम-संतान मध्यम है।

# दादरी विधायक तेजपाल नागर ने सौंपी अन्नपूर्णा भवन की चाबी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा लखनऊ के लोक भवन में खाद्य रसद विभाग द्वारा संचालित 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल युक्त ई पोस मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ कार्यक्रम का जनपद गौतमबुद्धनगर में भी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारण किया गया।



जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में भी 05 मॉडल उचित दर दुकानों का लोकार्पण करते हुए उचित दर विक्रेताओं को प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई, जिसमें विधानसभा दादरी की ग्राम खटाना धीरखेड़ा, सथैंली, प्यावली, ताजपुर तथा विधानसभा जेवर की नगर पंचायत दनकौर एवं ग्राम बीरमपुर की मॉडल उचित दर दुकान सम्मिलित है।

ग्राम पंचायत खटाना धीरखेड़ा खेड़ा में दादरी विधानसभा के विधायक तेजपाल नागर के द्वारा ग्राम खटाना धीरखेड़ा, सैंथली व प्यावली ताजपुर की मॉडल उचित दर दुकानों का लोकार्पण करते हुए उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी, जिसमें ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बृजेश पाल, पूर्ति निरीक्षक अखिलेश द्विवेदी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार जेवर क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर में विधायक धीरेंद्र सिंह के द्वारा नगर पंचायत दनकौर एवं बीरमपुर की मॉडल उचित दर दुकानों का लोकार्पण करते हुए अन्नपूर्णा भवनों की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। इस दौरान ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी स्मृति गौतम, पूर्ति निरीक्षक रजनी, नेहा गुप्ता तथा आम जनमानस उपस्थित रहे।

दादरी विधायक तेजपाल नागर ने अन्नपूर्णा भवनों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकान नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से अन्य सुविधाएं भी मिलेगी। यहां से सस्ती जेनेरिक दवाई और घर की अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी पूर्ति की जाएगी। यहां राशन के लिए गोदाम भी रहेगा। इसके अलावा यहीं पर कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा, जहां से जन्म-मृत्यु, आय, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बिजली बिल जमा करना एवं खतौनी जैसी सुविधाएं भी मिलेगी।

# जनता के हकों पर अब डाका नहीं डाल सकते : धीरेन्द्र सिंह


**जेवर ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के प्रत्येक गरीब को उसका हक, उसके घर तक पहुंचाने के उद्देश्य के साथ अन्नपूर्णा मॉडल शॉप का वर्चुअल शुभारंभ किया।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से मॉडल उचित दर दुकानों (अन्नापूर्णा मॉडल शॉप) का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस मौके पर जेवर विधानसभा के ग्राम बीरमपुर में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने मॉडल उचित दर दुकान (अन्नपूर्णा मॉडल शॉप) का लोकार्पण गांव की छोटी-छोटी बच्चियों से कराया।

इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने विभिन्न ग्रामों के राशन डीलरों और उपस्थित पात्र लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि याद कीजिए 2017 से पहले का वक्त, जब तत्कालीन सरकारें और उनके जनप्रतिनिधि आपके हकों पर डाका डाल रहे थे, लेकिन 2017 के बाद से ही प्रदेश सरकार आपको मिलने वाली प्रत्येक योजना, आप तक पहुंचने के लिए कृत संकल्पित है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मक़सद शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा के साथ साथ महिला सशक्तिकरण, किसानों, नौजवानों और हर पात्र व्यक्तियों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ना है। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज जेवर विधानसभा विकास को लेकर दुनिया के नक्शे पर अपनी एक अलग पहचान स्थापित कर चुकी है।

# डॉ विजेता तनेज़ा की पुस्तक का विमोचन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में पत्रकारिता और जनसंचार विभाग कॉर्डिनर डॉ विजेता तनेज़ा द्वारा महिला उद्यमिता पर संपादित किताब 'ऐम्पावर थ्रू ऐंट्रप्रन्योरशिप ए कलेक्शन ऑफ स्टडीज ऑन इंडियन वुमन इन डिफरेंट सेक्शंस इन इंडिया' का विमोचन मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया के 18वें मीडिया एक्सीलेंस अवॉर्ड्स समारोह के दौरान किया गया।

पुस्तक का विमोचन अरुण शर्मा ,अध्यक्ष, मीडिया फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया ,डॉ संदीप मारवाह, कुलपति, ऑफट यूनिवर्सिटी, प्रो सुधि राजीव, उप कुलपति, हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय आदि अतिथियों ने किया। डॉ विजेता तनेज़ा ने इस मौक़े पर सभी अतिथियों और मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ साथ इस किताब में अपने शोध आधारित अध्यायों को सम्मिलित करने वाले हर शिक्षाविद का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इस किताब में महिला उद्यमियों के संघर्ष, समसामयिक मुद्दों व महिला उद्यमियों के लिए सरकार के द्वारा बनायी हुई योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई है।

इस अवसर पर सनसनी शो के एंकर श्रीवर्धन त्रिवेदी, एंकर रुबिका लियाकत भी मौजूद थी।

ग़ौरतलब है कि इस किताब में दिल्ली इंस्टिट्यूट के ही कई शिक्षाविदों डॉ वंदना ग़ौर, डॉ सोनल जौहरी और श्वेता तिवारी सहित बाक़ी संस्थानों के क़रीब पंद्रह शोध अध्याय प्रकाशित किए गए हैं।

**श्री शिव महापुराण कथा का तीसरा दिन**

# श्री शिव महापुराण में मौजूद है हर समस्या का समाधान : सद्गुरूनाथ जी महाराज

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्र की समृद्धि, शांति एवं विकास के लिए नोएडा सेक्टर 110 स्थित राम लीला मैदान, महर्षि नगर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन परम पूज्य सद्गुरूनाथ जी महाराज जी भक्तों को कथा सुनाते हुए कहा कि कलिकाल में लोग इतनी अधिक समस्याओं से ग्रसित होते जा रहे हैं, जिसे भगवान शिव की भक्ति के द्वारा ही मुक्ति मिल सकती है। इस संसार के शिव ही तारणहार है।मीडिया प्रभारी ए के लाल ने बताया की शिवरात्रि का पावन पर्व जल्द ही आने वाला है सभी लोग पूर्ण निष्ठा से भगवान का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना करें और अनेक समस्यायों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करें। जब जीवन में विपत्ति आती है तो सारी दुनिया साथ छोड़ देती है लेकिन भोलेनाथ अपने भक्तों को कभी अकेला नहीं छोड़ते। मृत्यु शैया पर भी जो व्यक्ति पड़ा हो, उसकी सलामती के लिए अगर महामृत्युंजय का जाप सही विधि से किया जाए तो वह भी ठीक हो सकता है। ऐसे चमत्कारिक देव है महादेव। बस जरूरत है इनके प्रति पूर्ण श्रद्धा एवं विश्वास की।



श्री शिव महापुराण कथाक्रम को आगे बढ़ाते हुए सद्गुरूनाथ जी महाराज ने कहा कि पुराणों में रुद्राक्ष को देवों के देव भगवान शिव का स्वरूप ही माना गया है। पौराणिक कथा के अनुसार रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रु से हुई है। रुद्राक्ष पहनने से इंसान की मानसिक और शारीरिक परेशानियां दूर होती हैं। जो इसे धारण कर भोलेनाथ की पूजा करता है उसे जीवन के अनंत सुखों की प्राप्ति होती है।

सद्गुरूनाथ जी महाराज बेलपत्र के गुणों को बताते हुए कहा कि शिव भगवान को दूध और बेलपत्र दोनों बहुत पसंद है। बेलपत्र को ऊपर की जेब में रखने से दिल में रक्तप्रवाह ठीक बना रहता है।

आगे उन्होंने कहा कि श्री शिव महापुराण में चौबीस हजार श्लोक हैं उनमें से एक श्लोक ही नहीं बल्कि एक शब्द मात्र को भी अपने जीवन मे धारण करने से इस मानव शरीर की शुद्धि होती है। उन्होंने कहा हमें मनुष्य का शरीर तो मिल गया लेकिन हमने इसके महत्व को नहीं समझा तो सब बेकार है। मानव शरीर का महत्व भगवान की भक्ति में है।

कथा के दौरान सद्गुरूनाथ जी महाराज ने कहा कि जीवन में जितने दुख आते हैं वह कर्मो से आते हैं। भारत देवभूमि व कर्मभूमि है। यहां पर मनुष्य जैसा कर्म करेगा, उसको उसी के अनुसार फल की प्राप्ति होगी। शुभ सोच का फल पुण्य व गलत कृत्य का फल पाप के रूप में मिलता है। संत वही है जो बुराइयों को सहने के बावजूद भी मानव कल्याण का हित सोचता है। उन्होंने कहा कि राजा दक्ष ने पुत्री के प्रति स्नेह के बजाय द्वेष किया। इसलिए यज्ञ सत्कर्म करने पर भी उन्हें दुख का सामना करना पड़ा। बेटी का अपमान करने पर देवता भी सहायता नहीं करते।

जप करो, तप करो, तीर्थ करो हज़ार। मात-पिता की सेवा बिनु, सब कुछ है बेकार।। यानि कोई चाहे भगवान की कितनी ही भक्ति कर ले, तपस्या करे, तीर्थ यात्रा करे, लेकिन यदि घर मे माता-पिता दुखी हैं, उनका आदर सम्मान नही हो रहा है तो ये सब निष्फल ही रहता है। ऐसी पूजा सेवा को भगवान भी स्वीकार नही करते।

सद्गुरूनाथ जी महाराज ने बताया कि बचपन से ही बच्चे में अच्छे गुण विकसित करने चाहिए। बच्चा जितना संस्कारी होगा उसके विचार उतने ही सुंदर और मनमोहक होंगे। जिंदगी में वो जरूर कुछ ऐसा करेगा कि पूरे परिवार का नाम रौशन होगा। हमेशा परिवार में पूजा-अर्चना होनी चाहिए। अगर भगवान ने आपको कुछ दान देने वाला बनाया है तो भगवान का शुक्रिया अदा कीजिए। अच्छे कामों में दान-दक्षिणा दीजिए। जिससे आपके पितर भी खुश होंगे और आपके घर धनवर्षा होगी। सदा परिवार में खुशियां व्याप्त होंगी।

श्री शिव महापुराण कथा के पावन अवसर के दूसरे दिन श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष, महर्षि महेश योगी संस्थान और कुलाधिपति, महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालोजी, श्री राहुल भारद्वाज, उपाध्यक्ष, महर्षि महेश योगी संस्थान और श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम के संयोजक रामेन्द्र सचान और गिरीश अग्निहोत्री एवं प्रबंध समिति के सभी सदस्य व महर्षि संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों सहित हजारों भक्त उपस्थित थे।

# आध्यात्मिक कार रैली को हरी झंडी देकर किया रवाना



**नोएडा ( चेतना मंच )।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमरीज ईश्वरिये विश्व विद्यालय द्वारा एक आध्यात्मिक कार रैली यात्रा सुबह 7 बजे निकाली गयी। जिसका शुभआरम्भ ब्रह्माकुमरीज के स्थानीय शाखा एनआरआई रेजीडेंसी, सेक्टर-45 से नॉएडा एम्प्लाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजकुमार सिँह द्वारा शिव ध्वज दिखा कर किया गया। जिसमे नॉएडा के भिन्न भिन्न सेक्टरों के ब्रह्माकुमरीज के इंचार्ज बी.के कृति, बी.के सविता, बी.के सोनिया, बी.के यशोधा, बी.के संगीता समेत ब्रह्माकुमरीज के लगभग 150 सदस्य मौजूद रहे। यह शांति यात्रा सेक्टर-46,50,51,52,75 से होते हुए सेक्टर 122 ब्रह्माकुमरीज सेंटर पर समापन हुआ। इस आध्यात्मिक शांति यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ रहे मतभेद, मन के तनाव को समाप्त कर परमात्मा शिव द्वारा सिखाये राजयोग द्वारा दुख अशांति को समाप्त कर सुख शांति स्थापन करना है। वर्तमान समय संगमयुग, कलियुग का अंत और सतयुग की आदि में परमात्मा शिव अवतरण का सन्देश दीया गया।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# सरस मेला : वीकेंड पर उमड़ा जनसैलाब, जमकर की खरीदारी





**नोएडा ( चेतना मंच )।** सैक्टर-33 ए स्तिथ नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित और राष्टीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित सरस मेले में शनिवार को भारी संख्या में खरीदारों का जनसैलाब उमड़ा। जहां एक ओर लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का लोगों ने स्वाद चखा।

केंद्र सरकार का चौथा सरस आजीविका मेला सोमवार, 04 मार्च को समापन की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित यह सरस आजीविका मेला अब मात्र एक दिन के लिए है, जिसका विधिवत समापन सोमवार को होगा। सरस आजीविका मेले में शनिवार को हरियाणा के लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोहा वहीं 150 स्कूली बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



शनिवार को यहां सभी राज्यों के हस्तशिल्प उत्पादों की लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेले में इस बार उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, केरल, असम, नगालैंड, ओडिशा, पंजाब, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, झारखंड, लद्दाख, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गोवा, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मणिपुर तथा राजस्थान समेत 29 राज्यों की हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन हो रहा है, जबकि देश भर के 20 राज्यों की 80 गृहणियों के समूह ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैं, जिनमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त हो रहा है। सरस मेले के 16वें दिन यहां हरियाणा के कलाकारों ने लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। इसके साथ ही अन्य सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं- 14720232024 | दिनांकः 29.02.2024

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य/प्रयागराज निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डेरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई निविदा सूचना सं.:14720232024-373 BID ID : GEM/2024/B/4709636 DATE : 29.02.24

**कार्य का नामः** दो (02) वर्षों के लिए एसएसई / वर्क्स / यातायात, एसएसई /वर्क्स / डीएसए और एसएसई /वर्क्स/ अस्पताल, प्रयागराज के अनुभाग में सेवा भवनों, अधिकारी के बंगले, कर्मचारी क्वार्टरों के रखरखाव की द्वि-वार्षिक सेवा प्रदान करना।

**अनुमानित लागत(₹ मे):** ₹₹1,12,40,821.60, **अमानत राशि (₹ मे):**₹2,06,200.00,**निविदा बंद होने की तिथिः** 21.03.2024 को 15.00 बजे, **कार्य समापन की अवधिः** 24 माह, **कार्य की प्रकृतिः** कोई भी सिविल इंजीनियरिंग का कार्य। **नोटः-1.** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 364/24(DG)

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्या : ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी-38-2023-24 | दिनांक : 29.02.2024

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| टेन्डर संख्या : AGC-ELG-T-38-2023-24 | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|
| **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि : Part (A)** आगरा कैंट स्टेशन पर नॉर्थ कॉलोनी में abandoned टाइप-II क्वार्टर RB-II-249 के against टाइप-II क्वार्टर (08 इकाइयां) के प्रावधान के लिए विद्युतीकरण का कार्य। **Part (B)** आगरा कैंट स्टेशन पर नॉर्थ कॉलोनी में abandoned टाइप-II क्वार्टर RB-II-250 के against टाइप-II क्वार्टर (08 इकाइयां) के प्रावधान के लिए विद्युतीकरण का कार्य। **Part (C)** आगरा कैंट स्टेशन पर नॉर्थ कॉलोनी में abandoned टाइप-II क्वार्टर RB-II-251 के against टाइप-II क्वार्टर (08 इकाइयां) के प्रावधान के लिए विद्युतीकरण का कार्य। **कार्य पूरा करने की अवधि 12 माह** | Rs. 5614848.60 |

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल बेव पोर्टल Indian Railways Website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दिनांक 26.03.2024 तक टेन्डर डाल सकते है। 368/24 (D)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @ CPRONCR



# वक्त की कमी का रिश्तों पर असर

**सफलता में निरंतर आगे बढ़ते हुए हमारे पास अपने लिए और रिश्तों के लिए वक्त बहुत कम बचता है और जब उनके लिए वक्त नहीं निकल पाता, तो जाहिर सी बात है कि उसका असर भी रिश्तों पर पड़ता है। वक्त की कमी का रिश्तों पर असर पडऩा किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता, योंकि जीवन में जो भी मुकाम हमने हासिल किया है, वह इन रिश्तों की वजह से ही तो किया है, तो ऐसे में उन्हें नजर अंदाज करना किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता, अत: जीवन में कितनी ही व्यस्तताएं आएं अपनों के लिए समय जरूर निकालें, भले ही वह दिन के चंद पल ही यों न हों।**

### 1. रिश्तों का पौधा

आपकी बगिया में भी फूल तभी खिले रहते हैं, जब तक आप उनकी सही ढंग से देखभाल करते हैं अर्थात उन्हें अपना कीमती समय देते हैं, आपकी अनदेखी से वह मुर्झाने लगते हैं और कुछ इसी तरह से होते हैं आपके परिवार और दोस्ती के खुशनुमा रिश्ते, जिससे की आपकी जिंदगी खुशियों भरी रहती है। भले ही आप जीवन की सारी खुशियों को अपने आंचल में समेट लें और सफलता के अनेक सोपान चढ़ जाएं, परंतु यदि खुशियों को कोई बांटने वाला ही नहीं है, तो फिर ऐसी खुशियों का क्या फायदा। पौधों की तरह ही रिश्तों की ताजगी बरकरार रखने के लिए उनकी देखभाल नियमित रूप से करनी जरूरी है, जिन्हें आप प्यार और वक्त दे कर ही सींच सकते हैं।

### 2. अपने लिए सोचें

माना कि प्रमोशन के कारण ऑफिस में आपका काम निरंतर बढ़ने से आप आप बेहद व्यस्त जिंदगी जीने लगी हैं। आठ घंटे की पूरी नींद नींद लिए भी आप को अरसा बीत गया है। जब आपके पास अपनी जरूरतों के लिए ही वक्त नहीं है, तो जाहिर सी बात है कि आप दूसरों के लिए वक्त कहां से निकालेंगी। ऐसे में खुशनुमा जिंदगी की बात सोचना बेमानी है। समय पर सोना आरंभ करें तथा अपने परिवार और दोस्तों के लिए वक्त निकालने की कला सीखें।

### 3. सुबह जल्दी उठें

यदि आप सुबह जल्दी उठना आरंभ करेंगी, तो आपके पास अपने और घर के काम करने तथा बैठ कर दूसरों के साथ बात करने का अधिक वक्त मिल जाएगा, यही नहीं आप दिन की ऐसी शुरूआत से स्वयं को फ्रैश भी फील करेंगी। वीकएंड में दोपहर तक सोते रहने की अपेक्षा आप अपने दिन की शुरूआत अपने घर के सदस्यों के साथ कुछ वक्त बिता कर कर सकती हैं। यदि आप वीकएंड में भी अपने परिवार के साथ कुछ समय बिता लेंगी, तो आप न केवल खुद को सप्ताहभर की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार कर पाएंगी, बल्कि आप यह भी जान लेंगी कि उनकी जिंदगी में आजकल नया क्या हो रहा है।

### 4. हर दिन गुजारें अच्छा वक्त

जीवन में व्यस्तता का यह आलम हो जाए कि आप महत्वपूर्ण कामों को भी रूटीन में गिनने लगें, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। मां को बाद में फोन कर उनका हाल-चाल पूछ लूंगी या पति से बाद में बात कर लूंगी..., जैसी बातों को न टालें, बल्कि जिंदगी और रिश्तों की अहमियत को समझें। वक्त पर फोन कर देने मात्र से ही आपके रिश्ते रिफ्रेश हो जाएंगे तथा इसका जादू आपको सहज ही देखने को मिलेगा। वक्त निकाल कर परिवार के साथ डिनर या दोस्तों के साथ चाय की चुस्कियां भले ही आपको छोटा सा काम लगे, परंतु सोच कर देखें कि इसके लिए भी वक्त निकाले आपको महीनों बीत गए होंगे।

### घर पर ऑफिस का काम नहीं

यदि आप घर पर भी ऑफिस का काम ले आती हैं, तो सोच कर देखें कि आप न तो अपने परिवार, रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ ज्यादा वक्त नहीं बिता पाती हैं, यदि आप ऑफिस में ही अपना काम निपटा लेती हैं, तो फिर घर पहुंचने पर आपके पास ज्यादा खाली वक्त होगा और आप सबके साथ समय बिता पाएंगी।

### घर के काम में दें सहयोग

जब आपके पास ऑफिस का काम या जिम्मेदारी बढ़ जाएं, तो आप परिवार के लोगों को सहयोग करने को कहती हैं, ताकि आप अपना काम आसानी से निपटा सकें। इसी प्रकार जब घर के लोगों को बहुत से काम निपटाने में आपकी मदद की आवश्यकता पड़े तो आप भी पीछे न हटें और घर के कामों में अपना सहयोग अवश्य दें। इस प्रकार से परिवार के लोगों को भी लगता है कि व्यस्तता बढने के बावजूद भी आप उसी घर का एक अहम हिस्सा हैं तथा आप हर किसी का ख्याल रखती हैं।

### सबके सोने से पहले घर पहुंचे

बच्चों के सोने के बाद घर पहुंचने का अर्थ यह हुआ कि धीरे-धीरे वे आप से दूर होते चले जाएंगे, अत: ऑफिस में देर रात तक काम करने की अपेक्षा आप घर जल्दी पहुंचे, ताकि बच्चे आपके साथ कुछ पल बिता सकें। घर आपने के बाद भी यदि आप ऑफिस का काम कर रही हैं, तो इससे जीवनसाथी के साथ आपका संबंध भी प्रभावित हो सकता है। परिवार के सोने से पहले घर पहुंचना और घर पहुंच कर ऑफिस का काम न करना जैसी छोटी सी आदत ही आपके रिश्तों में मधुरता, ताजगी और खुशहाली बढ़ा देगी।



## बेस्ट मॉम बनने के लिए ध्यान रखें ये 6 बातें

### 1. दूसरों की मदद से क्या घबराना

नए जन्मे बच्चे को संभालने के लिए जितने हाथ हों उतना अच्छा होता है। ऐसे में दूसरे क्या सोचेंगे यह छोड़ कर बस बच्चे के फायदे के बारे में सोचें। यह सोचें कि उसके लालन-पालन में आपको कितनी ज्यादा से ज्यादा मदद मिल सकती है।

### 2. फैमिली डिनर है जरूरी

अकसर बच्चे आपकी हर बात को अपने नजरिए से देखते हैं। उनको जब कुछ ठीक नहीं लगता, तो बस हो गई आफत। वे विद्रोही व्यवहार करने लगते हैं। इस विद्रोही व्यवहार का हल सिर्फ परिवार के साथ बैठने में छिपा है। साथ बैठना यानी फैमिली डिनर। सख्ती से यह नियम घर में लागू कर दीजिए कि रात का खाना सब लोग साथ बैठकर ही खाएंगे।

इस दौरान टेलीविजन, मोबाइल, लैपटॉप पर पाबंधी होगी। यही वो वक्त होगा जब आप बच्चे से उसके स्कूल, पढ़ाई और दोस्तों के बारे में बात कर सकती हैं। उसकी परेशानियां आपको पता चलेंगी ही आप कुछ सुझाव भी दे सकती हैं।



# ग्रेटर नोएडा में एम्स की तर्ज पर बनेगा 700 बिस्तर का अस्पताल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में भी अब एम्स की तर्ज पर एक 700 बेड का एक अस्पताल बनाया जाएगा। नोएडा में बनने वाले इस अस्पताल के लिए सरकार 800 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि नोएडा प्रसाशन को इस अस्पताल के लिए जमीन भी मिल गई है।



दरअसल गौतमबुद्धनगर जिले के नोएडा में स्थित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के परिसर में 700 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य इस महीने के आखिर तक शुरू हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि इस अस्पातल के लिए नोएडा प्रशासन को 56 एकड़ जमीन भी मिल गई है।

नोएडा के राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 700 बेड का अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से 56 एकड़ जमीन का आधिपत्य उन्हें मिल गया है।

राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए करीब 800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले हॉस्पिटल की बिल्डिंग का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जमीन मिलने के बाद जिम्स में एक पुस्तकालय, हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, संकाय सदस्यों के लिए रहने की व्यवस्था और गहन चिकित्सा इकाई, पैरामेडिकल कॉलेज आदि की सुविधा मिलेगी।

जिम्स के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से 56 एकड़ जमीन का आधिपत्य उन्हें मिल गया है। इसके निर्माण के पहले चरण में गहन चिकित्सा इकाई और नर्सिंग कॉलेज का निर्माण किया जाएगा। यह हॉस्पिटल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की तर्ज पर बनाया जा रहा है। जिससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा सहित एनसीआर के लोगों को फायदा होगा।

## पृष्ठ एक के शेष....

**इंजीनियर महिला...**

एक कथित पुलिस अधिकारी के पास ट्रांसफर कर दी।

कथित पुलिस अधिकारी ने महिला इंजीनियर को जेल भेजने का भय दिखाकर उनसे अकाउंट और अन्य जानकारी ले ली। फिर सुकीर्ति को कोरियर में ड्रग्स व आपत्तिजनक सामान होने का हवाला देकर जेल जाने की धमकी दी। इसके बाद खुद के पुलिस अधिकारी होने का भरोसा दिलाने के लिए जालसाजों ने महिला के मोबाइल पर स्काइप से वीडियो कॉल की, जिसमें जालसाजों ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी।

शिकायतकर्ता के मुताबिक उनकी पत्नी ने डरकर फर्जी पुलिस अधिकारी के कहने पर बताए गए अकाउंट में 3,75,278 रुपए ट्रांसफर कर दिए। महिला किसी से अपनी समस्या बता न सके इसके लिए कथित पुलिस और कस्टम अधिकारियों ने लगातार सात घंटे तक वीडियो कॉल पर उसे जोड़े रखा। कॉल कटते ही महिला की तुरंत गिरफ्तारी होने की बात कही। जालसाजों ने महिला से यह भी कहा अगर कॉल बिना पैसे ट्रांसफर किए काटती है तो उनके साथ परिवार के लोगों को भी जेल जाना पड़ेगा। महिला ने पूरे पैसे ट्रांसफर कर दिए। जब और पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। माना ज रहा है इसके पीछे कोई नाइजीरियन गिरोह है।

**क्या है डिजिटल अरेस्ट**

डिजिटल अरेस्ट में मोबाइल लैपटॉप से स्काइप पर वीडियो कॉलिंग या अन्य एप के जरिए किसी पर नजर रखी जाती है। उसे डरा धमका कर वीडियो कॉलिंग से दूर नहीं होने दिया जाता है। यानी वीडियो कॉल के जरिए एक तरह से आरोपी को उसके घर में कैद कर दिया जाता है।

इस दौरान न तो वह किसी से बात कर सकता है और न कहीं जा सकता है। उसे इतना डरा दिया जाता है कि डिमांड की गई रकम को वह ट्रांजेक्शन कर देता है।

**पिछले साल आठ घंटे डिजिटल अरेस्ट कर हुई थी ठगी**

इस घटना से पहले भी पिछले साल नवंबर में नोएडा में एक डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आया था। इसमें साइबर जालसाजों ने सेक्टर-34 निवासी युवती को आठ घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर 11.11 लाख रुपये की ठगी कर ली थी। यह नोएडा में डिजिटल अरेस्ट का पहला मामला था।

**शीर्ष नेतृत्व ने चौथी...**

उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से डॉ. महेश शर्मा लगातार क्षेत्र की सेवा करते आ रहे हैं। मुट्ठी भर लोगों ने साजिश के तहत उनका विरोध कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया था। लेकिन क्षेत्र की जनता सब जानती है। यही कारण है कि भाजपा हाई कमान ने चौथी बार उन पर अपना पूरा विश्वास जताया है। जिससे क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर व्याप्त है तथा रात से ही बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

**भाजपा ने उतार...**

तरफ से नोएडा की सीट पर टिकट मांगने वाला कोई प्रत्यक्ष नाम सामने नहीं आया है। राजनीतिक विश्लेषकों का दावा है कि कभी बसपा का गढ़ रही नोएडा सीट पर बसपा से टिकट मांगने वालों का अकाल पड़ा हुआ है। बसपा की यह दुर्गति कैसे हुई ? इस विषय पर तो अलग से चर्चा करेंगे किन्तु यह सच है कि नोएडा की सीट पर एक भी दावेदार ने अब तक सार्वजनिक तौर पर दावेदारी पेश नहीं की है।

**50 बार से अधिक...**

डाटा आईएसटीएमएस के सर्वर पर अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये सभी गाड़ियां नोएडा परिवहन विभाग से पंजीकृत यूपी-16 नंबर की हैं। इसके अपलोड हो जाने के बाद वाहनों को सीज करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। यातायात विभाग ने करीब एक लाख से अधिक ऐसे वाहनों की कुंडली तैयार की है, जिससे बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन हुआ है और चालान काट कर जुर्माना किया गया है। इतना ही नहीं बार-बार रिमाइंडर भेजने के बाद भी वाहन स्वामियों ने एक बार भी चालान का भुगतान नहीं किया है। ऐसे में सड़क पर मिलते ही ऐसे वाहन सीज किए जाएंगे। इसके लिए आईएसटीएमएस की मदद ली जा रही है।



# शोएब अख्तर तीसरी बार बने पिता, पत्नी रुबाब खान के साथ बेटी का किया स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर तीसरी बार पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी ने शुक्रवार को बेटी को जन्म दिया है। शोएब अख्तर और रुबाब ने साल 2014 में शादी की थी। शादी के बाद उनके घर साल 2016 में मिकाइल अली तो 2019 में मोहम्मद मुजद्दिद अली ने जन्म लिया। अब अख्तर बेटी नूरेह अली अख्तर के पिता बन गए हैं।



रावलपिंडी एक्सप्रेस ने अख्तर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर लिखा- मिकाइल और मुजद्दिद की अब एक छोटी बहन है। अल्लाह ताला ने हमें एक बेटी का आशीर्वाद दिया है। नूरेह अली अख्तर का स्वागत करते हुए, जिनका जन्म जुम्मा की नमाज़ के दौरान, 19 शाबान, 1445 हिजरी में हुआ था। 1 मार्च, 2024 आप सबकी दुआओं का तालाब गार।

शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के लिए साल 1997 में डैब्यू किया था और 2011 में उन्होंने अपना आखिरी मुकाबला खेला था। उन्होंने टेस्ट, वनडे और टी20ई में क्रमशः 178, 247 और 19 विकेट लिए। इसके बाद वह क्रिकेट कमेंट्री करते नजर आए। इसके अलावा वह अपने यूट्यूब चैनल पर एक्सपर्ट व्यू देने के लिए भी जाने जाते हैं।

बता दें कि शोएब और रुबाब खान ने 2014 में करीबी दोस्त और परिवार के बीच एक निजी समारोह में शादी की थी। उनकी शादी की बातचीत तब शुरू हुई जब अख्तर 2013 में सऊदी अरब में हज कर रहे थे। यहीं पर रावलपिंडी एक्सप्रेस ने रुबाब के पिता से मुलाकात की और उनसे उनके लिए लड़की ढूंढने को कहा। वहीं, रुबाब के पिता ने अपनी बेटी का हाथ देने की पेशकश की थी। रुबाब शोएब से 18 साल छोटी है। लेकिन बावजूद इसके पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शादी के लिए मान गए थे।

# आईपीएल से इस साल भी संन्यास नहीं लेंगे धोनी

## बचपन के दोस्त ने किया खुलासा




**नई दिल्ली, एजेंसी**

महेंद्र सिंह धोनी के बचपन के दोस्त परमजीत सिंह ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान के भविष्य पर सभी अटकलों को खत्म कर दिया है। ऐसी खबरें थीं कि माही अपनी उम्र और घुटने की समस्या के कारण आईपीएल 2024 के बाद अलविदा कह सकते हैं। पिछले सीजन में महेंद्र सिंह धोनी घुटने की समस्या से पीड़ित रहे थे। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाई थी।

बहरहाल, धोनी के दोस्त ने कहा कि वह टूर्नामेंट खेलने के लिए पूरी तरह फिट हैं। अभी उसके संन्यास लेने की संभावना नहीं है। वह अगले दो सीज़न खेलने के लिए पर्याप्त रूप से फिट हैं। वह आईपीएल 2025 भी खेलते नजर आएंगे। बता दें कि धोनी आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में से एक है। वह अपनी टीम को 5 खिताब जितवा चुकी है। धोनी ने 2022 सीजन में कप्तानी भी छोड़ी थी लेकिन बीच सीजन में उन्होंने दोबारा कमान संभाल ली थी।

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 2023 सीजन शानदार रहा था। इस दौरान धोनी के नेतृत्व में चेन्नई ने शानदार प्रयास किया। फाइनल मुकाबला गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला गया था जिसमें चेन्नई ने रविंद्र जडेजा की शानदार पारी की बदौलत जीत हासिल की थी। इसी के साथ धोनी रोहित शर्मा की तरह आईपीएल में पांच खिताब जीतने वाले कप्तान बन गए।

फिलहाल धोनी हाल ही में सीएसके के प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए थे। उनके जल्द टीम के साथ प्रैक्टिस करने की संभावना है। उन्होंने अब तक 377 टी20 मैचों में 37.86 की औसत से 7271 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 134.49 है जबकि उनके बल्ले से 28 अर्द्धशतक भी निकले हैं।

# युवराज सिंह बीजेपी से लड़ेंगे चुनाव या नहीं, ट्वीट कर खुद ही दिया स्पष्टीकरण



भारतीय क्रिकेट दिग्गज युवराज सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव लड़ने की खबरों को अफवाह मात्र करार दिया है। बीते दिनों ही खबर आई थी कि नवजोत सिंह सिद्धू के साथ युवराज सिंह जल्द ही भाजपा ज्वाइंन करने वाले हैं। भाजपा युवराज को सन्नी देओल की जगह गुरदासपुर से चुनाव लड़वाने की तैयारी कर रही है। अब इन खबरों पर युवराज ने खुद ही आगे आकर अपनी बात रख दी है। कई क्रिकेट दिग्गज पहले ही राजनीति में उतर चुके हैं ऐसे में युवराज से भी ऐसी उम्मीद की जा रही थी लेकिन भारत के पूर्व ऑलराऊंडर ने इस तरह की सभी संभावनाओं से इंकार कर दिया है।

बहरहाल, युवराज सिंह ने एक्स पर डाली पोस्ट में लिखा- मीडिया रिपोर्टों के विपरीत मैं गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मेरा जुनून विभिन्न क्षमताओं में लोगों का समर्थन करना और उनकी मदद करना है, और मैं अपने फाउंडेशनयुवेकैन के माध्यम से ऐसा करना जारी रखूंगा। आइए अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ मिलकर बदलाव लाना जारी रखें।बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार इस साल बीजेपी के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। सूत्रों की मानें तो खिलाड़ी कुमार को बीजेपी चांदनी चौक से टिकट दे सकती है। इसके अलावा भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह भी लोकसभा चुनाव में बीजेपी की तरफ से आसनसोल सीट से लड़ सकते हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा जल्द ही लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर सकती है।

# गोल्फ- इंडियन ओपन 28 मार्च से होगा शुरू

**नई दिल्ली**- देश का राष्ट्रीय ओपन और प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट इंडियन ओपन लौट आया है। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में 28 मार्च से 31 मार्च तक इसका आयोजन होगा।



हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल ने कहा कि 2 दशकों से अधिक समय से, हीरो इंडियन ओपन ने भारतीय गोल्फ की आधारशिला के रूप में काम किया है, जो हमारे देश की गोल्फिंग भावना को विशिष्ट रूप से प्रस्तुत करता है। मार्गदर्शक की भूमिका निभाने से मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है। मुझे विश्वास है कि हम इस प्रतिष्ठित आयोजन को सफलता और मान्यता के अभूतपूर्व स्तर की ओर ले जाना जारी रखेंगे। हम सभी भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं, आशा करते हैं कि यह सप्ताह उत्साहजनक और विश्व स्तरीय गोल्फ से भरा रहेगा। भारतीय गोल्फ संघ के अध्यक्ष बृजिंदर सिंह ने कहा कि हीरो इंडियन ओपन भारतीय गोल्फ कैलेंडर का शिखर रहा है क्योंकि भारतीय गोल्फ यूनियन सबसे व्यापक शौकिया कार्यक्रमों में से एक को बढ़ावा देने और चलाने का प्रयास करता है। डीपी वर्ल्ड टूर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कीथ पेले ने कहा कि हम ऐतिहासिक हीरो इंडियन ओपन के 57वें संस्करण के लिए एक बार फिर भारत का दौरा करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। टूर्नामेंट ने पिछले साल हमारे कार्यक्रम और हमारे सदस्यों के लिए बहुत ही स्वागत योग्य वापसी की है। इस महीने के अंत में दिल्ली लौटने की उम्मीद कर रहे हैं।

# पोलार्ड पीएसएल के बीच पहुंच गए भारत

**नईदिल्ली,एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के धाकड़ ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री वेडिंग कार्यक्रम के लिए भारत पहुंच गए हैं। पोलार्ड एक दिन पहले तक पाकिस्तान के कराची में थे। वह पाकिस्तान सुपर लीग 2024 में कराची किंग्स की तरफ से खेल रहे हैं। 29 फरवरी को कराची किंग्स का क्वेटा ग्लेडियेटर्स के साथ मैच था। इस मैच के बाद वह 1 मार्च को देर शाम गुजरात के जामनगर पहुंचे हैं। हालांकि माना यह जा रहा था कि पोलार्ड पाकिस्तान सुपर लीग में व्यस्तता के कारण शायद वह प्री वेडिंग कार्यक्रम में नहीं आ पाएंगे, लेकिन उनकी टीम कराची किंग्स का अगला मैच 3 मार्च को है। ऐसे में उन्होंने भारत का आने का फैसला किया है।

## आईपीएल से संन्यास ले चुके हैं पोलार्ड

बता दें कि कायरन पोलार्ड इंडियन प्रीमियर लीग में लंबे समय तक मुंबई इंडियंस के खेल चुके हैं। पोलार्ड ने कई बार अकेले दम पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि आईपीएल में पिछले कुछ सीजन से उन्हें मौका नहीं मिल रहा था जिसके कारण उन्होंने इस लीग से ही उन्होंने संन्यास लेने का फैसला कर लिया।

# ग्रेस हैरिस की तूफानी पारी, यूपी वारियर्स की बड़ी जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बेंगलुरु के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग के तहत खेले गए मुकाबले में यूपी वारियर्स ने गुजरात जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। गुजरात की शुरूआत सधी हुई रही थी। मध्यक्रम में फोएबे लिचफील्ड ने 35 तो एश्ले गार्डनर ने 30 रन बनाकर स्कोर 142 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी यूपी को एलिसा हेली ने तेजतर्रार शुरूआत दी थी। लेकिन मध्यक्रम में ग्रेस हैरिस ने टीम को संभाला। उन्होंने गुजरात के सभी गेंदबाजों की खबर ली और स्कोर 100 से पार लगाया। हेरिस के आक्रमक शॉट्स का गुजरात के गेंदबाजों के पास जवाब नहीं था। इसलिए यूपी ने 15.3 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। हैरिस ने 60 रन बनाए।

गुजरात को ओपनर लौरा वोल्वाईट और कप्तान बेथ मूनी ने सधी हुई शुरूआत दी थी। वोल्वाईट ने 26 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 28 रन बनाए वहीं, मूनी ने 16 गेंदों पर 16 रन बनाए। हरलीन देओल ने 24 गेंदों पर 18 रन बनाए। फोएबे लिचफील्ड ने रन आऊट होने से पहले 26 गेंदों पर 4 चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाए। एश्ले गार्डनर ने 17 गेंदों 4 चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए और स्कोर 142 तक पहुंचा दिया।

# बंदर को पीठ से हटाने की खुशी है- आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत पर बोले आयरिश कप्तान बालबर्नी

**अबू धाबी** -आयरलैंड को पहली टेस्ट जीत दिलाने के बाद कप्तान एंड्रयू बालबर्नी खुश थे। उन्होंने मैच के बाद उदाहरण देते हुए कहा कि वह बंदर को पीठ से हटाकर बहुत खुश हैं। आयरलैंड के लिए टेस्ट में जीत हासिल करना टेढ़ी खीर बनी हुई थी। आखिरकार अबूधाबी में अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट में हराकर जब उनकी टीम ने इतिहास बनाया तो उनके मुख से यह शब्द निकले। उन्होंने टेस्ट जीत न पाने की समस्या से निजात मिलने पर खुशी जताई।



आयरलैंड ने 2018 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट खेला था लेकिन इसके बाद से वह जीत के इंतजार में थे। बलबर्नी ने अफगानिस्तान पर छह विकेट की जीत के बाद कहा कि मैं इस जीत पर विश्वास नहीं कर सकता। यह बिल्कुल सही है। आप इस पूरे समूह से पूछें कि यह कितना खास है! हमारे बहुत से लोगों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला। उम्मीद है, घर पर लोग टेस्ट क्रिकेटर बनना चाहते हैं। हम जानते थे कि यह संघर्षपूर्ण चीजें होंगी... यह सिर्फ एक हरफनमौला प्रदर्शन है। हम बिल्कुल उत्साहित हैं। आपको यह देखना होगा कि कार्यक्रम कितना व्यस्त है। दुनिया में बहुत सारा क्रिकेट चल रहा है। हम आयरिश कप्तान ने कहा कि परिणाम पैदा किए हैं और इतिहास रचा है। बंदर पीछे है। ऐसा करना बहुत खास है।

आयरलैंड 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जल्दी ही लड़खड़ा गया था। इस पर कप्तान बालबर्नी ने कहा कि हम एक साझेदारी दूर थे। जाहिर है, थोड़ी घबराहट थी, हम अपनी पहली जीत का पीछा कर रहे थे। एकमात्र टेस्ट में दोनों पक्षों के बीच का अंतर शुरुआती दिन, विशेषकर तेज गेंदबाजों द्वारा किया गया शानदार और क्लिनिकल गेंदबाजी प्रयास था। मार्क अडायर ने पांच विकेट लिए जिससे आयरिश खिलाड़ियों ने अफगानों को 155 रन पर समेट दिया।

दूसरी पारी में अडायर और बैरी मैक्कार्थी की तेज गेंदबाज जोड़ी ने फिर से मिलकर अफगानों को प्रतियोगिता में वापस आने से रोक दिया।

बालबर्नी ने कहा कि मार्क अनुशासित थे। एक टेस्ट में 20 विकेट लेना एक उपलब्धि है और दूसरी बार ऐसा करना बहुत खास है। एकमात्र टेस्ट में शीर्ष पर आने के बाद, आयरलैंड अब तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में अफगानों से भिड़ेगा, जो 7 मार्च से शुरू होगी। 50 ओवरों की श्रृंखला के बाद 15 मार्च से तीन मैचों की टी20ई श्रृंखला शुरू होगी।

# फॉर्च्यून बरिशाल बना विजेता, कोमिला विक्टोरियन को फाइनल में हराया

बांग्लादेश प्रीमियर लीग 2024 फॉर्च्यून बरिशाल के नाम हो गई है। ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में फॉर्च्यून ने कोमिला विक्टोरियन को 6 विकेट से हरा दिया। कोमिला ने पहले खेलते हुए मेहंदी इस्लाम के 35 गेंदों पर 38, जाकिर अली के 20 तो आंद्रे रसेल के 14 गेंदों पर 27 रन की बदौलत 154 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी फॉर्च्यून बरिशाल ने ओपनर तमित इकबाल (39) और मेहदी हसन मिराज (29) की बदौलत तेजतर्रार शुरूआत की। इसके बाद कायल मायर्स ने 30 गेंदों पर 46 रन बनाकर टीम को जीत की ओर धकेल दिया। फॉर्च्यून बरिशाल बीपीएल की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर रही थी। उन्होंने 12 में से केवल 7 मुकाबले जीते थे लेकिन फाइनल में उन्होंने 12 में से 8 मुकाबले जीतने वाली कोमिला को हरा दिया।



कोमिला की शुरूआत खराब रही। ओपनर सुनील नेरेन 5, कप्तान लिटन दास 16 तो तौहीद 15 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद जॉनसन चार्ल्स भी 17 गेंदों पर 15 रन बनाकर आऊट हो गए। मध्यक्रम में मेहदी इस्लाम ने 35 गेंदों पर दो चौके और दो छक्कों की मदद से 38 रन बनाकर टीम को राहत दी। प्रमुख ऑलराऊंडर मोईन अली जब 3 रन बनाकर आऊट हो गए तो जाकिर अली और आंद्रे रसेल ने मोर्चा संभाला। जाकिर ने 20 रन बनाए तो आंद्रे रसेल ने 14 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से 27 रन बनाए और स्कोर 154 तक पहुंचा दिया।

फॉर्च्यून की ओर से गेंदबाजी करते हुए कायल मायर्स ने 26 रन देकर 1, सैफुद्दीन ने 37 रन देकर 1, जेम्स फुलर ने 43 रन देकर 2 विकेट लीं।

# श्रेयस की रणजी में वापसी पर कप्तान अजिंक्य रहाणे ने किया कमेंट

**मुंबई** -बीसीसीआई द्वारा केंद्रीय अनुबंध से बाहर करने के चलते श्रेयस अय्यर चर्चा में है। माना जा रहा है कि अय्यर ने जान बूझकर रणजी ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल छोड़ा था। इसी बीच मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध संबंधित विवाद को पीछे छोड़कर शनिवार से यहां तमिलनाडु के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी ट्राफी सेमीफाइनल में टीम के लिए धमाकेदार प्रदर्शन करें। श्रेयस के साथ झारखंड के इशान किशन को भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सालाना केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपनी टीम के लिए रणजी ट्राफी मैच में नहीं खेले थे। श्रेयस पीठ की दर्द की शिकायत के कारण बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टरफाइनल में नहीं खेले थे।



रहाणे ने कहा कि वह काफी अनुभवी खिलाड़ी है। जब भी वह मुंबई के लिए खेले हैं, उनका योगदान शानदार रहा है। सेमीफाइनल के लिए हमारी टीम में उनकी मौजूदगी शानदार है। रहाणे ने कहा कि तमिलनाडु के खिलाफ श्रेयस को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए किसी तरह की प्रेरणा या सलाह की जरूरत नहीं है।उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उसे किसी तरह की सलाह या प्रोत्साहन की जरूरत है। उसने मुंबई के लिए हमेशा बल्ले से योगदान दिया है और ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी से अन्य खिलाड़ियों को भी टीम के लिए योगदान करने में मदद मिलेगी।

# हम गायब हो गए थे, अब आपके साथ ही रहेंगे...

# पीएम मोदी से बोले नीतीश तो जमकर लगे ठहाके

औरंगाबाद, एजेंसी । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने औरंगाबाद जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि अब वह एनडीए छोड़कर इधर-उधर नहीं जाएंगे। नीतीश ने मंच से भाषण देते हुए पीएम से कहा कि वे पहले बिहार आए थे, तब साथ में थे। फिर बीज में हम गायब हो गए। अब फिर से आपके साथ हैं। अब साथ ही रहेंगे, इधर-उधर नहीं जाएंगे। नीतीश ने पीएम मोदी को कहा कि इस बार वह लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। नीतीश ने जब ये बातें कहीं तो मंच पर ठहाके लगने लगे। खुद पीएम नरेंद्र मोदी और राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। 20 महीने बाद बिहार दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित किया। उनके भाषण से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने बिहार में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के लिए आभार जताया।

नीतीश ने कहा कि उन्हें खुशी है पीएम मोदी बिहार आए हैं। अब आते-जाते रहेंगे। लाखों की संख्या में लोग पीएम मोदी की रैली में आए हैं। बहुत खुशी हो रही है। रेलवे, पथ निर्माण और नमामि गंगे की महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन होने जा रहा है। नीतीश ने कहा कि आमस से दरभंगा फोरलेन बनाया जा रहा है, जिसमें आमस से रामनगर घाट तक का शिलान्यास किया जा रहा है। दानापुर से बिहटा चार लेन एलिवेटेड रोड की योजना



अहम है। हम लगातार इसकी मांग कर रहे थे, इसके बनने से बिहटा से पटना आना-जाना और आसान हो जाएगा। सीएम ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि सब काम तेजी से हो जाए। पटना जिले के तेजपुर से छपरा के दिघवारा के बीच गंगा नदी पर छह लेन पुल का निर्माण बहुत जरूरी है। पटना से रांची आना-जाना भी आसान होगा। इस पथ पर हमने कई जगह एलिवेटेड रोड और फ्लाईओवर देने की बात कही थी, केंद्र ने सभी बातें मान ली हैं। नीतीश ने कहा कि बिहार के विकास के लिए ये परियोजनाएं बहुत उपयोगी हैं। इसके लिए पीएम मोदी का ह्रदय से आभार है। उन्हें खुशी है कि पीएम के द्वारा अनेक तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। बहुत तेजी से काम हो रहा है। बिहार में भी तेजी से काम हो रहा है।

आरजेडी पर निशाना साधते हुए नीतीश ने कहा कि 2005 से पहले बिहार में क्या होता था आप जानते ही हैं। कोई पढ़ता नहीं था। 2005 के बाद से हम बीजेपी के साथ ही हैं। बिहार बहुत आगे बढ़ रहा है। हम चाहते हैं कि सब मिलकर काम करें और सभी व्यक्ति संपन्न हो जाएं। सबकी आर्थिक स्थित बेहतर हो, लोग खूब आगे बढ़ें। नीतीश ने कहा कि उन्हें भरोसा है पीएम आगे भी बिहार आते रहेंगे। जो लोग इधर-उधर कर रहे हैं, कहीं कुछ नहीं होगा। मोदी 400 सीटें जीतेंगे।

उन्होंने कहा कि बिहार सबसे पुरानी और पौराणिक जगह है। नीतीश ने पीएम से कहा कि अगर आप बिहार में काम कर देंगे तो यह पुरानी जगह और भी आगे बढ़ जाएगी। इसका क्रेडिट आपोक मिलेगा। बिहार में विकास का श्रेय आपको देते रहेंगे। सीएम ने जनता से कहा कि पूरा का पूरा बुलंद होकर रहें। आपस में कोई भी विवाद नहीं करना चाहिए। मिल जुलकर रहें, काम करें और आगे बढ़ें।

## मुंबई में रोका गया चीनी जहाज, परमाणु हथियार बनाने का सामान लेकर जा रहा था पाकिस्तान; हो रही जांच

मुंबई, एजेंसी । चीन से पाकिस्तान जा रहे एक जहाज को मुंबई में रोक लिया गया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इस जहाज में कुछ ऐसा है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था। कस्टम अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर माल्टा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज सीएमए सीजीएम अत्तिला को 23 जनवरी को बंदरगाह पर रोका। जांच के दौरान इसमें कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीन भी मिली, जिसे एक इटैलियन कंपनी ने बनाया था।

**मिसाइल बनाने में अहम-** सीएनसी मशीनों को कंप्यूटर से कंट्रोल किया जाता है, ऐसा मैनुअली करना पॉसिबल नहीं है। डीआरडीओ की एक टीम ने भी जहाज में लदी खेप का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि जहाज में लदी चीजों का इस्तेमाल पड़ोसी देश अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए कर सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह इक्विपमेंट पाकिस्तान के मिसाइल विकास कार्यक्रम में महत्वपूर्ण हो सकता है। गौरतलब है कि 1996 के बाद से, सीएनसी मशीनों को वासेनार अरेंजमेंट में शामिल किया गया है। यह एक इंटरनेशनल आर्म्स कंट्रोल है, जिसका उद्देश्य नागरिक और सैन्य उपयोग दोनों के साथ उपकरणों के प्रसार को रोकना है।

सीएनसी मशीनों का इस्तेमाल उत्तरी कोरिया में न्यूक्लियर प्रोग्राम्स के लिए किया गया था। मुंबई पोर्ट के अधिकारियों ने भारतीय सुरक्षा अधिकारियों को इस बारे में अलर्ट किया था। इसके बाद निरीक्षण किया गया और कंसाइनमेंट को सीज कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों की जांच में संकेत मिले हैं कि 22,180 किलोग्राम वजन की खेप ताइयुआन माइनिंग इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड द्वारा भेजी गई थी। इसे कॉसमॉस इंजीनियरिंग के लिए पाकिस्तान ले जाया गया था। यह पहली बार नहीं है ब भारतीय बंदरगाह अधिकारियों ने चीन से पाकिस्तान भेजे जाने वाले इस तरह के दोहरे उपयोग वाले सैन्य-ग्रेड आइटम जब्त किए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि चिंता यह है कि पाकिस्तान चीन से उन चीजों को हासिल कर सकता है, जिस पर यूरोप और अमेरिका ने बैन लगा रखा है। पाकिस्तान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के लिए चीनी समर्थन भी परेशान करने वाली बात है। गौरतलब है कि 2020 में मिसाइल बनाने के लिए खास ऑटोक्लेव को पाकिस्तान जाने वाले चीनी जहाज पर औद्योगिक उपकरण के रूप में छुपाया गया था। जांच का मकसद यह पता लगाना है कि क्या इन संदिग्ध पाकिस्तानी संस्थाओं ने दोहरे इस्तेमाल वाली इन सामग्रियों की आपूर्ति डिफेंस साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऑर्गनाइजेशन (डीईएसटीओ) को की है।

## पाकिस्तान में भारत के एक और दुश्मन की मौत

नयी दिल्ली/इस्लामाबाद, एजेंसी । पाकिस्तान ने भारतीय एजेंसियों पर हाल के दिनों में विभिन्न पाकिस्तानी शहरों में मारे गए लश्कर आतंकियों की हत्या का आरोप लगाया है, लेकिन भारत ने तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। दोनों देशों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल ही रहा था कि लश्कर के खुफिया प्रमुख आजम चीमा की पाकिस्तान के फैसलाबाद में मौत हो गई। उसकी उम्र करीब 70 साल थी। इसके बाद पाकिस्तान के जिहादी हलकों में फिर अटकलें तेज हो गई हैं। चीमा 26/11 के आतंकवादी हमलों और जुलाई 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोटों के अलावा भारत में कई अन्य आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था। चीमा की मौत की खबर सामने आते ही भारतीय एजेंसियों के दावों को बल मिल गया जिसमें कहा जाता है कि पाकिस्तान में कई आतंकवादी मौजूद हैं। हालांकि, इस्लामाबाद लगातार इनकार कर रहा है।

खुफिया सूत्रों की जानकारी के मुताबिक, चीमा पंजाबी बोलता था। वह लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी था। उसने 2000 के दशक की शुरुआत में पाकिस्तान के बहावलपुर में अपना जीवन बिताया। वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ वहां रहता था।

एक सूत्र ने कहा, उसे अक्सर छह अंगरक्षकों के साथ एक लैंड क्रूजर में घूमते देखा जाता था।

## संक्षिप्त खबर

### अबू धाबी का हिन्दू मंदिर आमजन के लिए खुला

**टोपी, टी-शर्ट, टाइट ड्रेस पहनी तो नहीं मिलेगी एंट्री**



अबू धाबी, एजेंसी । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर को शुक्रवार को आम जनता के लिए खोल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी को पत्थर से निर्मित अबू धाबी के इस पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया था। मंदिर प्रबंधन ने अपनी वेबसाइट पर मंदिर में आने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें ड्रेस कोड से लेकर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के नियम बताए गए हैं।

मंदिर की वेबसाइट पर बताए गए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, टी-शर्ट, टोपी और टाइट फिटिंग ड्रेस पहनकर आने वालों को मंदिर में एंट्री नहीं दी जाएगी। गाइडलाइंस में कहा गया है कि श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश से पहले गर्दन, कोहनी और टखनों के बीच के शरीर के क्षेत्र को ढककर रखना होगा। गाइडलाइंस में कहा गया है, टोपी, टी-शर्ट और आपत्तिजनक डिजाइन वाले अन्य कपड़ों की अनुमति नहीं है। जालीदार या आर-पार दिखने वाले और टाइट-फिटिंग कपड़े न पहनें।

गाइडलाइंस में मंदिर प्रांगण में पालतु पशुओं को भी प्रवेश नहीं देने की बात कही गई है। इसके अलावा मंदिर परिसर में बाहरी भोजन और पेय की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, मंदिर परिसर के भीतर ड्रोन कैमरे या ड्रोन सख्त वर्जित हैं। गाइडलाइंस के मुताबिक मंगलवार से रविवार तक मंदिर सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक खुले रहेंगे। हरेक सोमवार को मंदिर आगंतुकों के लिए बंद रहेगा। यह मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दान में दी है। इस मंदिर का निर्माण नागर शैली में किया गया है। इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर में स्वंयसेवक उमेश राजा के अनुसार, 20 हजार टन से अधिक चूना पत्थर के टुकड़ों को राजस्थान में तराशा गया और 700 कंटेनर में अबू धाबी लाया गया। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था ने 'एक्स' पर कहा, ''प्रतीक्षा समाप्त हुई! अबू धाबी मंदिर को अब सभी आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है।''

## चुनावी खर्च-फ्रीबीज पर होगी सख्ती, गड़बड़ी होने पर सीनियर अधिकारी भी नपेंगे: आयोग

नयी दिल्ली, एजेंसी । आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर न सिर्फ राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुटी हुई हैं बल्कि भारतीय निर्वाचन आयोग भी जोरो-शोरों पर जुटा है। चुनाव में किसी भी तरह की लापरवाही या गड़बड़ी न हो इसको लेकर विशेष दिशा निर्देश बनाए जा रहे हैं। चुनाव अधिकारियों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है और जो लापरवाही करेगा उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा.इसको लेकर राज्यों का दौरा कर रहे भारतीय निर्वाचन आयोग ने प्रदेश से जिला स्तर तक के अधिकारियों को चेतावनी दी है। आयोग ने चुनावी महासमर की घोषणा के साथ आचार संहिता का 100 प्रतिशत पालन करने को कहा है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि ऐसा न होने परअधिकारियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया जाएगा.उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश समेत डेढ़ दर्जन से ज्यादा राज्यों का दौरा कर चुके आयोग ने अधिकारियों को हेट स्पीच,फ्रीबीज और चुनावी खर्च को लेकर सख्ती बरतने की हिदायत दी है.सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य यूपी का दौरा कर चुके मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आग्रह किया कि कोई भी गड़बड़ी होने पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या पुलिस अधीक्षक जिम्मेदार होंगे। इससे पहले भी आयोग ने जिन राज्यों का दौरा किया था, वहां प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में कहा था कि आचार संहिता के अनुपालन के प्रति गंभीर रवैया अख्तियार करें।

यही नहीं, पिछले लोकसभा चुनाव में हुए उल्लंघन के रिकॉर्ड के आधार पर जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने को भी कहा गया है। आयोग ने विभिन्न राज्यों के उन जिलों को चिन्हित किया है, जहां लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के दौरान अधिकारियों की लापरवाही के चलते आचार संहिता का खुला उल्लंघन हुआ था। लेकिन कदम तब उठाए गए थे जब बात आयोग तक पहुंच गई। इसलिए आयोग ने अधिकारियों से बैठक के दौरान ही साफ कर दिया है कि लापरवाह और गैर-जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने में एक मिनट की देरी भी नहीं की जाएगी। हालांकि बड़े मामलों में आयोग को पहले सूचित किया जाएगा और उसके बाद ही कदम उठाया जाएगा ताकि अधिकारियों पर कोई दबाव नहीं बना सके।

आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक राज्यों के चुनाव आयुक्तों को चुनाव के घोषणा के दिन से परिणाम आने तक रोजाना रिपोर्ट आयोग को भेजनीहोगी। इसमें आचार संहिता के उल्लंघन, हेट स्पीच, फ्रीबीज, चुनावी खर्च और नशीले पदार्थ समेत अन्य के बारे में जिले स्तर की रिपोर्ट आयोग के सामने पेश करनी होगी। माना जा रहा है कि आयोग आगामी 10 मार्च से 15 मार्च के बीच चुनावी महासमर की घोषणा कर देगा। सात चरणों में अप्रैल मध्य से मई के तीसरे सप्ताह तक चुनाव कराया जा सकता है।

### जम्मू-कश्मीर में भी हो सकते हैं चुनाव

चूंकि सुप्रीम कोर्ट की ओर से आयोग को जम्मू-कश्मीर में इस साल के सितंबर माह तक विधानसभा चुनाव कराने को कहा गया है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आयोग लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव कराने के लिए जल्द ही घाटी का दौरा भी कर सकता है। हालांकि इस बारे में आयोग ने अभी तक कोई भी जवाब नहीं दिया है.गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने फ्रीबीज पर सख्ती बरतने का कदम बीते कुछ विधानसभा चुनावों में उठाया था। हालांकि,फ्रीबीज का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और इसकी कोई परिभाषा तय नहीं है। ऐसे में आयोग द्वारा निर्धारित बिंदुओं के आधार पर लोकसभा चुनावों में अधिकारियों द्वारा फ्रीबीज के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी।

## आपने तो बेटी को ही पिता के खिलाफ हथियार बना लिया, महिला पर भड़क गया हाई कोर्ट; फैसला पलटा

नई दिल्ली, एजेंसी । दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में पति-पत्नी के विवाद में एक अहम टिप्पणी की है। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगर कोई महिला अपने बच्चे के मन में पिता के खिलाफ बुरी बातों के जरिए खराब छवि गढ़ती है या बनाने की कोशिश करती है तो यह क्रूरता होगी और यह तलाक का आधार भी हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि पिता के प्रति बच्चे में शत्रुता जगाना बच्चे के प्रति घोर अमानवीयता भी है। महिला ने पति पर विवाहेत्तर संबंध का आरोप लगाया है। मामले में कोर्ट ने महिला द्वारा बेटी को पति के खिलाफ हथियार बनाने पर फटकार भी लगाया है।

जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने यह कहा कि पति-पत्नी के बीच एक नहीं असंख्य कारणों से मतभेद हो सकते हैं, लेकिन वैवाहिक विवाद में नाबालिग बच्चों को शामिल करना कहीं से भी उचित नहीं है।

सेना में एक इंजीनियर और पीएचडी डिग्री धारक लेक्चरर पत्नी के बीच विवाहेत्तर संबंध को लेकर हुए विवाद में हाई कोर्ट ने कहा कि महिला अपने बच्चों को उनके पिता के खिलाफ करने की कोशिश कर रही है और उनसे पिता के खिलाफ शिकायतें लिखवा रही है, यह माता-पिता के अलगाव का स्पष्ट मामला है और पिता/पति के प्रति गंभीर मानसिक क्रूरता है, जो उन्हें हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक का अधिकार देता है।

बार एंड बेंच की एक रिपोर्ट के मुताबिक, खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा, पति के घर पर छोटी बेटी को अपने साथ ले जाना, फिर उसकी मौजूदगी में ही पति पर व्यभिचार का आरोप लगाना और पुलिस को बुलाना; एक बच्चे की मनोदशा को बर्बाद करने और उसे उसके पिता के खिलाफ भड़काने का कृत्य है। एक व्यक्ति एक बुरा पति हो सकता है लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि वह एक बुरा पिता भी है। बच्ची को उनके पिता के खिलाफ भड़काने की कोशिश की गई है। यहां तक कि उससे उसके पिता के खिलाफ शिकायत भी लिखवाई गई, जो अपने आप में गंभीर मानसिक क्रूरता है।

## झारखंड में घूमने आई स्पेन की महिला से गैंगरेप, अस्पताल में भर्ती

दुमका, एजेंसी । झारखंड के दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट के स्पेन की विदेशी महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हालांकि अबतक इस मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

जानकारी के मुताबिक स्पेन की एक महिला व एक पुरुष टूरिस्ट दो अलग-अलग बाइक से निकले थे। देर शाम हो जाने की वजह से हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट के समीप दोनों विश्राम के लिए रुके थे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक देर रात करीब 10 बजे 7 से 8 की संख्या में पहुंचे युवकों ने पहले उनके साथ मारपीट की फिर महिला के साथ दुष्कर्म भी किया। इस घटना में दोनों घायल हो गए हैं।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस रात में ही घटनास्थल के पास पहुंचकर दोनों को सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां महिला का इलाज चल रहा है। सरैयाहाट अस्पताल के बाहर सुरक्षा में पुलिसकर्मी तैनात हैं। किसी को भी अस्पताल के अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक इस घटना में पुलिस ने हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव के चार युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, जरमुंडी एसडीपीओ संतोष कुमार व दुमका डीएसपी रात से ही हंसडीहा में कैंप कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम के साथ रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

वहीं इस घटना पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि उन्हें घटना के संबंध में पूरे फैक्ट्स की जानकारी नहीं है, लेकिन उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने रिपोर्टर्स से कहा, मुझे इस घटना के सभी तथ्य नहीं पता लेकिन सरकार उन सभी बुरे काम करने वालों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो भी हमारी किसी बहन, भारतीय या विदेशी, के खिलाफ ऐसा अपराध करता है।

विदेशी टूरिस्ट के साथ गैंगरेप की घटना पर झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम से दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, झारखंड की ध्वस्त कानून व्यवस्था के फलस्वरूप गोड्डा में हुई स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना ने राज्य की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी धूमिल कर दिया है। झामुमो-कांग्रेस की निकम्मी सरकार को साढ़े तीन करोड़ झारखंड वासियों के मान-प्रतिष्ठा से कोई मतलब नहीं,इन्हें बस लूटपाट एवं अपने परिवार की तिजोरियों को भरने से मतलब है! मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन जी, सख्त कदम उठाते हुए दोषियों को कड़ी सजा दीजिए। सोरेन पार्ट-2 बनने के लिए बहन-बेटियों एवं राज्य की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को दांव पर मत लगाइये।

## काला जादू के नाम पर अमीर बनाने का दावा अंदर चलाता था सेक्स रैकेट, फर्जी बाबा गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी । सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में खुद को धर्मगुरु बताने वाला शख्स 7 लोगों को गिरफ्तार हुआ है। यह बाबा अमीर बनने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए धार्मिक अनुष्ठान करने की आड़ में ये सब करता था। ठाणे अपराध शाखा के सीनियर पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। दरअसल, राबोडी इलाके से 15 साल की एक लड़की लापता हो गई थी। इसे लेकर अपहरण का मामला दर्ज हुआ और जांच शुरू की गई थी। इसी दौरान इस सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ। जांच के दौरान 25 फरवरी को असलम खान और सलीम शेख नाम के 2 लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिन्होंने पुलिस को मुख्य आरोपी साहेबलाल वजीर शेख उर्फ यूसुफ बाबा के बारे में बताया। कुछ समय बाद इसे भी पकड़ लिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान पाया गया कि यूसुफ बाबा और उसके सहयोगी काला जादू के नाम पर ठगी करते थे। वे अमीर बनाने का वादा करके आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को लुभाते थे। इसके यहां तो कुछ अनुष्ठानों में महिलाएं नग्न अवस्था में शामिल होती थीं।

## लोकसभा चुनाव के लिए 195 बीजेपी उम्मीदवारों की लिस्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी । भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। लिस्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार वाराणसी से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पीएम के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी गुजरात के गांधीनगर से चुनाव लड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि अमित शाह इस सीट से मौजूदा लोकसभा में सदस्य हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से चुनाव लड़ेंगे वहीं गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव लड़ने वाले हैं।

### उत्तर प्रदेश

वाराणसी - पीएम नरेंद्र मोदी
कैराना - प्रदीप कुमार
मुजफ्फरनगर - डॉ. संजीव बालियान
नगीना - ओम कुमार
रामपुर - घनश्याम लोधी
संभल - परमेश्वर सैनी
अमरोहा - कंवर सिंह तंवर
नोएडा - डॉ. महेश शर्मा
बुलंदशहर - भोला सिंह
मथुरा - हेमा मालिनी
आगरा - सत्यपाल सिंह बघेल
फतेहपुर सीकरी - राजकुमार चाहर
एटा - राजवीर सिंह राजू भैया
आंवला - धर्मेन्द्र कश्यप
शाहजहांपुर - अरुण कुमार सागर
खीरी - अजय मिश्र टेनी
धौरहरा - रेखा वर्मा
सीतापुर - राजेश वर्मा
हरदोई - जयप्रकाश रावत
मिश्रिख - अशोक कुमार रावत
उन्नाव - साक्षी महाराज
मोहनलालगंज - कौशल किशोर
लखनऊ - राजनाथ सिंह
अमेठी - स्मृति ईरानी
प्रतापगढ़ - संगमलाल गुप्ता
फर्रुखाबाद - मुकेश राजपूत
इटावा - राम शंकर कठेरिया
कन्नौज - सुब्रत पाठक
अकबरपुर - देवेंद्र सिंह भोले
जालौन - भानू प्रताप सिंह
झांसी - अनुराग शर्मा
हमीरपुर - कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल
बांदा - आरके सिंह पटेल
फतेहपुर - साध्वी निरंजन ज्योति
बाराबंकी - उपेंद्र रावत
फैजाबाद - लल्लू सिंह
अंबेडकरनगर - रितेश पांडे
श्रावस्ती - साकेत मिश्रा
डुमरियागंज - जगदंबिका पाल
गोंडा - कीर्तिवर्धन राजा भैया
बस्ती - अरविंद द्विवेदी
महाराजगंज - पंकज चौधरी
गोरखपुर - रवि किशन
कुशीनगर - विजय कुमार दुबे
बासगांव - कमलेश पासवान
लालगंज - श्रीमती नीलम सोनकर
आजमगढ़-दिनेश लाल यादव निरहुआ
सलेमपुर - रविंद्र कुशवाहा
जौनपुर - कृपा शंकर सिंह
चंदौली - महेंद्र नाथ पांडे

### दिल्ली

चांदनी चौक - प्रवीण खंडेलवाल
उत्तर पूर्वी दिल्ली - मनोज तिवारी
नई दिल्ली - बांसुरी स्वराज
पश्चिमी दिल्ली - कमलजीत सहरावत
दक्षिणी दिल्ली - रामवीर सिंह बिधूड़ी

### मध्य प्रदेश

मुरैना - शिवमंगल सिंह तोमर
भिंड - संख्या राय
ग्वालियर - भारत सिंह कुशवाहा
गुना - ज्योदिरादित्य सिन्धिया
सागर - लता वानखेड़े
टीकमगढ़ - वीरेन्द्र खटीक
दमोह - राहुल लोधी
खजुराहो - वीडी शर्मा
सतना - गणेश सिंह
देवास - मदेंद्र सिंह सोलंकी
मंदसौर - सुधीर गुप्ता
रतलाम - अनीता नागर सिंह चौहान
खरगोन - गजेन्द्र पटेल
खंडवा - ज्ञानेश्वर पाटिल
बैतूल - दुर्गा दास उइके

### अंडमान- निकोबार

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह - बिष्णु पद रे

### अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल पश्चिम - किरेन रिजिजू
अरुणाचल पूव - तापिर गाओ

### असम

करीमगंज - कृपानाथ मल्लाह
सिलचर - परिमल शुक्लाबैद्य
ऑटोनोमस जिला- अमर सिंग तिस्सो
गुवाहाटी - बिजुली कलिता मेधि
मंगलदोई - दिलीप सैकिया
तेजपुर - रंजित दत्ता
नौगांव - सुरेश बोरा
कलियाबोर - कामख्या प्रसाद तासा
जोरहाट - तोपोन कुमार गोगोई
डिब्रूगढ़ - सर्वानंद सोनोवाल
लखीमपुर - प्रधान बरुआ

### छत्तीसगढ़

सरगुजा - चिंतामणि महाराज
रायगढ़ - राधेश्याम राठिया
जांजगीर-चंपा - कमलेश जांगड़े
कोरबा - सरोज पांडे
बिलासपुर - तोखन साहू
राजनंदगांव - संतोष पांडे
दुग - विजय बघेल
रायपुर - बृजमोहन अग्रवाल
महासमुद - रूप कुमारी चौधरी
बस्तर - महेश कश्यप
कांकेर - भोजराज नाग

### दादर व नगर हवेली

दमन एवं दीव- लालूभाई पटेल

### गोवा

उत्तर गोवा - श्रीपद योस्सो नाईक

### गुजरात

अहमदाबाद पश्चिम - दिनेशभाई
कच्छ - विनोदभाई लखमाशी चावड़ा
बनासकांठा - रेखाबेन हितेशम्भाई
पाटण - भरत सिंह जी दाभी
गांधीनगर - अमित शाह
राजकोट - परषोत्तम रुपाला
पोरबंदर - मनसुखभाई मंडाविया
जामनगर - पूनमबेन माडम
आणद - मितेशभाई रमेशभाई पटेल
खेड़ा - देवसिंह चौहान
पंचमहल - राजपालसिंह महेंद्रसिंह
दाहोद - जसवन्तसिंह भाभोर
भरुच - मनसुखभाई वसावा
बारडोली - प्रभुभाई नागरभाई वसावा
नवसारी - सीआर पाटिल

### जम्मू एवं कश्मीर

उधमपुर - डॉ. जितेंद्र सिंह
जम्मू - जुगल किशोर शर्मा

### झारखंड

राजमहल - ताला मरांडी
दुमका - सुनील सोरेन
गोड्डा - निशिकांत दुबे
कोडरमा - अन्नपूर्णा देवी
रांची - संजय उठ
जमशेदपुर - विद्युत बरण महतो
सिंहभूम - गीता कोड़ा
खूंटी - अर्जुन मुंडा
लोहारदगा - समीर उरॉव
पलामू - विष्णु दयाल राम
हजारीबाग - मनीष जयसवाल

### केरल

कासरगोड - एम.एस. अश्विनी
कण्णूर - सी.रघुनाथ
वडकरा - प्रफुल्ल कृष्ण
कोजिक्कोड - एम.टी. रमेश
मलप्पुरम - अब्दुल सलाम
पोन्नानी - निवेदिता सुब्रमण्यन
पालक्कड - सी. कृष्णकमार
त्रिशर - सुरेश गोपी
अलपुझा - शोभा सुरेंद्रन
पत्तनमतिट्टा - अनिल के एंटनी
अट्टिंगल - वी. मुरलीधरन
तिरुवनंतपुरम - राजीत चन्द्रशेखर

### राजस्थान

बीकानेर - अर्जुन राम मेघवाल
चुरू - देवेन्द्र झाझरिया
सीकर - स्वामी सुमेधानंद सरस्वती
अलवर - भूपेंद्र यादव
भरतपुर - रामस्वरूप कोली
नागौर - ज्योति मिर्धा
पाली - पी.पी. चौधरी
जोधपुर - गजेन्द्र सिंह शेखावत
बाड़मेर - कैलाश चौधरी
जालौर - लुम्बाराम चौधरी
बांसवाड़ा - महेंद्र मालवीय
चित्तौड़गढ़ - सी.पी. जोशी
कोटा - ओम बिड़ला
झालावाड़-बारां - दुष्यन्त सिंह
उदयपुर - मन्नालाल रावत

### तेलंगाना

करीमनगर - बंडी संजय कुमार
निजामाबाद - अरविन्द धर्मपुरी
जहीराबाद - बी.बी.पाटिल
मल्काजगिरि - ईटेला राजेंदर
सिकंदराबाद - जी. किशन रेड्डी
हैदराबाद - माधवी लता
भोंगीर - बोरा नरसैयाह गौड़
चेलवेल्ला - कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी
नगरकुर्नूल - पी. भरत

### त्रिपुरा

त्रिपुरा पश्चिम - बिप्लब कुमार देब

### उत्तराखंड

टेहरीगढ़वाल- माला राज्यलक्ष्मी शाह
अल्मोड़ा - अजय टम्टा
उधमसिंह नगर - अजय भट्ट



# अक्षय के साथ इस फिल्म में नजर आएंगी प्रज्ञा जायसवाल

साउथ सुपर स्टार प्रज्ञा जायसवाल इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। प्रज्ञा तमिल और तेलुगु में कई फिल्में कर चुकी हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो प्रज्ञा को एक बहुत बड़ी बॉलीवुड फिल्म के लिए साइन किया गया है। इस फिल्म से पहले वे सलमान खान की फिल्म अंतिम में एक कैमियो करती नजर आई थीं। प्रज्ञा अपने इस नए प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रही हैं।

## अक्षय के साथ आएंगी नजर


अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग पूरी कर चुके हैं। उनकी यह फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वे आगामी फिल्म खेल खेल में की शूटिंग शुरू चुके हैं। इस फिल्म में उनके अलावा तापसी पन्नू भी नजर आने वाली हैं। दर्शकों में अभी से ही अक्षय कुमार की इस फिल्म के लिए काफी उत्साह देखने को मिल रहा हैं। सूत्रों की मानें तो अक्षय की इस फिल्म में साउथ की मशहूर अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल भी शामिल हो गई हैं। इस खबर ने प्रज्ञा के फैंस के उत्साह को काफी बढ़ा दिया है।

## रोमांटिक कॉमेडी होगी फिल्म खेल खेल में

अक्षय कुमार और प्रज्ञा जायसवाल स्टारर यह फिल्म मशहूर इटालियन फिल्म परफेटी स्कोनोसियुटी की रीमेक है। सूत्रों की मानें तो यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। प्रज्ञा इन दिनों उदयपुर में फिल्म के बाकि कलाकारों के साथ शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, इस फिल्म में काफी समय बाद अक्षय कुमार और फरदीन खान एक साथ नजर आने वाले हैं।

## प्रज्ञा का वर्क फंट

आने वाले दिनों में प्रज्ञा फिल्म खेल खेल में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए वे बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाने की कोशिश करने वाली हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वे टायसन नायडू की फिल्म अखंड में भी दिखाई देंगी।



# अक्षय की फिटनेस की फैन हैं नेहा



नेहा धूपिया और अक्षय कुमार ने एक साथ कई फिल्में की हैं। फिल्म सिंह इज किंग उन्हीं में से एक है। हाल ही में, नेहा ने अक्षय के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, देखिए अक्षय फिटनेस को लेकर कितने जागरूक हैं यह सबको पता है, लेकिन मैं जो आपको बताने जा रही हूं शायद वह बात सबको नहीं पता होगी। बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया इन दिनों अपने शो नो फिल्टर नेहा की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस शो में वे अपने गेस्ट से कई दिलचस्प सवाल करती नजर आती हैं। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री अपने फिल्मी करियर के उतार-चढ़ाव के अलावा अभिनेता अक्षय कुमार के साथ अपनी दोस्ती के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे किए।

## फिटनेस के लिए मोटिवेट करते हैं अक्षय

नेहा धूपिया और अक्षय कुमार ने एक साथ कई फिल्में की हैं। फिल्म सिंह इज किंग उन्हीं में से एक है। हाल ही में, नेहा ने अक्षय के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, देखिए अक्षय फिटनेस को लेकर कितने जागरूक हैं यह सबको पता है, लेकिन मैं जो आपको बताने जा रही हूं शायद वह बात सबको नहीं पता होगी। अक्षय सिर्फ खुद के लिए ही नहीं फिटनेस फीक हैं बल्कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी मोटिवेट करते हैं कि वे भी अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक बनें।

## 70 मंजिल चढ़ते थे साथ में

फिल्म सिंह इज किंग की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में हुई थी। नेहा उन दिनों को याद करते हुए कहती हैं, हम फिल्म की शूटिंग के लिए जिस इमारत में ठहरे थे, वह इमारत 70 मंजिल की थी। आप शायद यकीन नहीं करेंगे लेकिन अक्षय ने हमें उस 70 मंजिला इमारत की सीढ़ियों को चढ़ने और उतरने को कहते थे। हम साथ में इसे वर्क-आउट के जैसे करते थे। यह एक रोमांचक अनुभव था।

## करीना हैं बेहतर होस्ट

जब नेहा धूपिया से पूछा गया कि वे किसे बेहतर होस्ट मानती हैं अपने शो नो फिल्टर नेहा के लिए। तब अभिनेत्री ने जवाब दिया, मुझे लगता है कि करीना कपूर मेरे शो के लिए एक शानदार होस्ट हो सकती हैं। वे किसी से भी कोई भी सवाल बड़ी बेबाकी से पूछ सकती हैं। उनमें यह काबिलियत है।





# वर्षों बाद एक साथ नजर आएंगे दीया मिर्जा और सुनील शेट्टी

करण जौहर स्टारकिड्स के साथ फिल्में बनाने के लिए मशहूर हैं। साल 2024 में वे इब्राहिम अली खान को लांच करने जा रहे हैं। अभी से ही इब्राहिम की इस फिल्म ने बज क्रीएट करना शुरू कर दिया है। सूत्रों की मानें तो इब्राहिम अली की इस फिल्म में उनके साथ दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी और दीया मिर्जा भी नजर आने वाले हैं। काफी सालों बाद सुनील और दीया एक साथ पर्दे पर दिखाई देंगे। इस खबर ने दर्शकों के उत्साह को दोगुना कर दिया है। अभी तक धर्मा प्रोडक्शंस की तरफ से इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की इस आगामी फिल्म के नाम की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। इस फिल्म में इब्राहिम खुशी के साथ रोमांस करते नजर आने वाले हैं। वहीं, सूत्रों की मानें तो धर्मा प्रोडक्शंस की इस फिल्म का नाम नादानियां है।

## ओटीटी पर होगी रिलीज

शाउना गौतम के निर्देशन में बन रही इस फिल्म को लेकर करण जौहर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से इस फिल्म के मुहूर्त शॉट को भी साझा किया था। शाउना इससे पहले रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी सहायक निर्देशन का काम कर चुकी हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो खुशी और इब्राहिम की इस फिल्म को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा।

# वर्क एनर्जी मोड में लौटने के लिए जमकर पसीना बहा रही हैं प्रियंका चोपड़ा

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों वर्क एनर्जी मोड में लौटने के लिए जमकर पसीना बहा रही हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक मिरर सेल्फी पोस्ट की है जिसमें वह वर्कआउट गियर में दिख रही हैं। लव अगेन स्टार स्लेट ग्रे रंग की स्पोर्ट्स ब्रा और शॉर्ट्स में दिखाई दे रही हैं। वह नो मेकअप लुक में हैं और अपने बालों को जैसे-तैसे बन में बांध रखा है। कैप्शन में उन्होंने लिखा- इसका लाभ हो रहा है ... आखिरकार वर्क एनर्जी में लौट रही हूँ। 41 वर्षीय स्टार अपना समय पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी जोनास चोपड़ा के साथ बिता रही हैं। वह लगातार सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स के साथ अपनी निजी जिंदगी की झलक साझा करते हुए उनके साथ तस्वीरें अपलोड करती रहती हैं। प्रियंका ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि वह किस चीज पर काम कर रही हैं। हालाँकि, खबर है कि वह इदरीस एल्बा स्टारर फिल्म हेड ऑफ स्टेट में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन इल्या नैशुलर ने किया है।



# सिद्धांत चतुर्वेदी ने की रणबीर कपूर की तारीफ

सिद्धांत चतुर्वेदी हाल ही में 'खो गए हम कहां' में नजर आए थे। एक इंटरव्यू के दौरान सिद्धांत ने बॉलीवुड में चुनौतियों को लेकर खुलकर बात की है। सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा- मैं पर्सनली इंडस्ट्री से किसी तरह की उम्मीद नहीं रखता हूं। लेकिन हां मुझे काम को लेकर उम्मीदें जरूर हैं। सिद्धांत ने बताया कि चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ते रहने के लिए एक्टर आयुष्मान खुराना ने उन्हें सलाह दी थी। आयुष्मान के अलावा विक्की कौशल और रणबीर कपूर ने भी उनकी काफी मदद की थी। सिद्धांत चतुर्वेदी ने बताया कि जब रणबीर ने मुझे बुलाया था तो उन्होंने उस टाइम मुझसे काफी लंबी बात की थी।

## गहराइयां फ्लॉप होने के बाद रणबीर ने दी थी सलाह

रणबीर ने मुझसे कहा था कि बस काम करते रहो और इस बात को सोचकर बिल्कुल परेशान मत हो कि दूसरे लोग काम कर रहे हैं या वो ये दिखा रहे हैं। जब गहराइयां फ्लॉप हुई थी तो उस टाइम सिर्फ रणबीर और आलिया ने मुझे लंबा-चौड़ा मैसेज भेजा था। वो दोनों मुझे समझाना चाह रहे थे।

## 'खो गए हम कहां' के बाद लोगों ने काफी तारीफ की

सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा- रणबीर ने मुझसे कहा था कि 'जब तू उम्मीद नहीं कर रहा होगा तब चलेगी फिल्म', तो मैंने कहा था कि ठीक है। एक्टर ने आगे कहा कि 'खो गए हम कहां' से मुझे ज्यादा उम्मीद नहीं थी। मैं नहीं जानता था कि इस फिल्म को इतना प्यार मिलेगा, क्योंकि ये सिर्फ एक टारगेट ऑडियंस के लिए थी, लेकिन फिर भी इस फिल्म को लोगों ने खूब प्यार दिया है।



# विलेन की भूमिका के लिए उत्साहित हैं अर्जुन

रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन लगातार चर्चा में बनी हुई है। सुपरहिट फिल्म सिंघम की फेंचाइजी के अलावा इसके साथ खतरनाक एक्शन सीक्वेंस भी इस फिल्म की विशेषता में शुमार है, लेकिन हाल के दिनों में इस फिल्म को लेकर जिस चीज ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी वह इस फिल्म की स्टार कास्ट ने। सिंघम अगेन में फिल्म इंडस्ट्री के कई टॉप स्टार्स मुख्य भूमिका में हैं, वहीं हाल ही में फिल्म के मुख्य विलेन की भूमिका के लिए अभिनेता अर्जुन कपूर के नाम से पर्दा उठा, जिसे अर्जुन ने अपने लिए एक सुनहरा मौका बताया। हाल ही में एक साक्षात्कार में अर्जुन ने कहा, सिंघम अगेन में विलेन की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं, इस फिल्म के जरिए मुझे स्क्रीन पर एक नया प्रयोग करने और एक अभिनेता के रूप में खुद को चुनौती देने का बड़ा मौका मिला है। हालांकि, अर्जुन इससे पहले भी कुछ फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभा चुके हैं। अर्जुन ने कहा, मैंने इशकजादे और औरंगजेब जैसी फिल्मों में नेगेटिव किरदार ही इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत की थी। इतने सालों के बाद एक बार फिर मैं ऐसा करने जा रहा हूं। हालांकि, आदित्य चोपड़ा ने ऐसे किरदार निभाने की क्षमता मुझमें बहुत पहले देखी थी। अब फिर से एक बार मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका देने के लिए मैं रोहित शेट्टी का आभार व्यक्त करता हूं। रोहित शेट्टी ने मुझमें विश्वास जगाया कि मैं उनकी फिल्म कॉप यूनिवर्स फिल्म में एक विलेन का किरदार निभा सकता हूं।

फिल्म की शूटिंग को लेकर अर्जुन ने कहा, मैं हमेशा से खुद के साथ स्क्रीन पर नया प्रयोग करना चाहता था, ताकि दर्शकों को कुछ अलग देखने को मिल सके। ऐसे में सिंघम अगेन में पुलिस के कट्टर दुश्मन की भूमिका निभाना मेरे लिए बेहद ही रोमांचक अवसर है।

# दीपिका सिंह ने बचपन का सपना किया पूरा

शो मंगल लक्ष्मी में अपने किरदार को लेकर एक्ट्रेस दीपिका सिंह ने नोज पियर्सिंग करवाई है। एक्ट्रेस ने कहा कि यह उनकी बचपन की इच्छा थी। दीपिका मंगल लक्ष्मी में अपने किरदार को लेकर बहुत रोमांचित हैं। दीया और बाती हम में अपने किरदार से मशहूर एक्ट्रेस ने अपनी भूमिका पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं बचपन से ही नोज पियर्सिंग करवाना चाहती थी। मैं हमेशा स्टिक-ऑन का उपयोग करती थी, हालांकि अपने इस किरादर के लिए मैंने यह कदम उठाया। यह मेरे ऊपर बेहद अच्छी लग रही है। नोज पियर्सिंग करवाने का अनुभव काफी यादगार और डरावना था। उन्होंने कहा, इसके लिए बहुत साहस की आवश्यकता थी। पहली बार मेरी नाक से खून बहने लगा था। मुझे पियर्सर के पास वापस जाना पड़ा और इसे फिर से करवाना पड़ा। यह थोड़ा दर्दनाक था। कवच... महाशिवरात्रि फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, मंगल एक ऐसा किरदार है जो सभी घरेलू महिलाओं को प्रभावित करता है। नोज पियर्सिंग उसकी पहचान का एक महत्वपूर्ण पहलू है। मैं वास्तव में अपनी नाक छिदवाकर इसका सम्मान करना चाहती थी। मंगल लक्ष्मी एक गृहिणी और उसकी छोटी बहन के इर्द-गिर्द घूमती एक कहानी है।









# नये भारत का नया उत्तर प्रदेश

"उत्तर प्रदेश सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरुप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है"

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट :** 4 संचालित, 1 निर्माणाधीन

**देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट**
10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन

**सर्वाधिक एक्सप्रेसवे**
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 निर्माणाधीन

**सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज**
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में **मेट्रो रेल सेवा**

**उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**
(6 नोड्स : अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण

"जब मूल सुविधाएं मिलती हैं, तो बड़े सपने देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जो बेघर है, जब उसको पक्का घर मिले, जब घर में शौचालय हो, बिजली का कनेक्शन हो, गैस का कनेक्शन हो, नल से जल आए, तो गरीब का आत्मविश्वास और बढ़ जाता है। यह सुविधा तेजी से हर गरीब तक पहुंच रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के विकास में जुटी डबल इंजन की सरकार डबल ताकत से विकास कर रही है"

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री





**प्रधानमंत्री आवास योजना** के तहत 55.83 लाख लोगों के घर का सपना हुआ साकार

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** से 2.68 करोड़ किसानों को 68,139 करोड़ रुपये हस्तांतरित

**प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना** के अंतर्गत 2,51,607 कृषक पंजीकृत

**पीएम कुसुम योजना** के अंतर्गत 51,774 सोलर पंप की स्थापना





**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** के अंतर्गत 3.12 करोड़ बीमित कृषकों के 242 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का बीमा

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के अंतर्गत 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन

**आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना** में 9 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा

**हर घर जल योजना** के तहत 2.10 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन





**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत 54.44 लाख माताएं लाभान्वित

**पीएम स्वनिधि योजना** के अंतर्गत 17.62 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित

**स्वच्छ भारत मिशन** के अंतर्गत 2.62 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी)** के अंतर्गत 56.34 लाख लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** के अंतर्गत 2,06,952 रोजगार सृजित

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना** से 1.90 करोड़ लोग लाभान्वित





**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** के अंतर्गत वर्ष 2017 से 12,500 किमी. मार्गों का निर्माण

**पॉवर फॉर ऑल** के तहत 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन

**24,461 अमृत सरोवरों का चिन्हांकन** प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 अमृत सरोवरों की स्थापना का लक्ष्य

**पीएम मित्र योजना** के अंतर्गत लखनऊ एवं हरदोई में 1000 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क

**सेफ सिटी परियोजना** के अंतर्गत 18 सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर

**स्मार्ट सिटी परियोजना** में 17 शहर शामिल, 10 केन्द्र पोषित, 7 राज्य पोषित

**मनरेगा** के अंतर्गत 190 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना** के अंतर्गत 9 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण



मेरठ से दिल्ली तक देश की **प्रथम रैपिड रेल सेवा**

दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में **देश में अग्रणी**

## करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो